भोपाल
सोमवार, 5 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष–08
वर्ष : 12, अंक : 34
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

साक्षी बने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट



25 लाख श्रद्धालुओं ने कराया चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के प्रमुख चारधामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जैसे ही कपाट खुले तो मंदिर परिसर 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंज उठा और सेना के बैंड की मधुर धुनों ने इस पावन अवसर को और भी भव्य बना दिया। कपाट खोलने से पहले सुबह 4 बजे मंदिर समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मंदिर परिक्रमा में हिस्सा लिया और 4 बजकर 30 मिनट पर श्री कुबेर जी ने दक्षिण द्वार से मंदिर परिक्रमा में प्रवेश किया। सुबह साढ़े पांच बजे से द्वार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पुष्कर सिंह धामी ने की पूजा-अर्चना

इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा धाम भक्तिमय हो गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बद्रीनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय देशों को सुनाई खरी-खरी

# हिंदुस्तान को नहीं चाहिए ज्ञान देने वाले, हमें सहयोगियों की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव का माहौल है। दोनों देश युद्ध की कगार पर आ खड़े हुए हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप समेत पूरी दुनिया को एक सीधा और साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत सहयोगियों की तलाश में है। हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे लोगों की कोई आवश्यकता ▶▶ शेष पेज 6 पर

*भारत भागीदारों की तलाश कर रहा है, न कि ऐसे उपदेशकों की जो अपने देश में उन्हीं सिद्धांतों का पालन नहीं करते।*



### भारत और रूस के संबंधों पर क्या बोले विदेश मंत्री?

*उधर, भारत और रूस के संबंधों के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संसाधन प्रदाता और संसाधन उपभोक्ता के रूप में महत्वपूर्ण तालमेल और पूरकता है। जहां तक रूस का सवाल है, हमने हमेशा यह दृष्टिकोण अपनाया है कि एक रूसी यथार्थवाद है जिसकी हमने वकालत की है।*

### ग्लोबल राजनीति में भारत की भूमिका?

जयशंकर ने वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका का भी जिक्र किया और कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली कोई भी महत्वपूर्ण घटना देश के लिए मायने रखती है। इससे यूरोप पर बदलाव का दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मल्टीपोलरिटी की वास्तविकताएं सामने आ रही हैं। मुझे लगता है कि यह अभी भी पूरी तरह से समायोजित और आत्मसात नहीं हुआ है। अमेरिका ने नाटकीय रूप से अपने रुख में बदलाव किया है। चीन वही कर रहा है जो वह कर रहा था। कॉन्फ्रेंस में भारत की भूमिका विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की भागीदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देश चार दशकों से अधिक समय से अंटार्कटिका में सक्रिय है और हाल ही में एक समर्पित नीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आर्कटिक में अपनी भागीदारी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अंटार्कटिका के साथ हमारी भागीदारी पहले से भी अधिक थी, जो अब 40 वर्षों से अधिक हो गई है। हम ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद — दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पत्नी की हत्या के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार


**डिंडोरी।** डिंडोरी में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष और उप सरपंच दशरथ



राठौर की पत्नी संगीता का शव फंदे पर लटका मिला। संगीता के परिजनों ने कि दामाद 5 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था और बेटी से मारपीट करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आलीराजपुर, बड़वानी धार में भूकंप के झटके


**भोपाल।** मौसम केंद्र के अनुसार रविवार शाम 5:10 बजे



आलीराजपुर में रेक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जिले के उत्तर, पूर्व दिशा में 10 किमी की गहराई पर रहा है। बड़वानी, धार, सोंडवा, डही, पाटी और पांढुर्ना में भी कंपन महसूस हुआ।

### कानपुर में 5 मंजिला इमारत में भीषण आग

**कानपुर।** चमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर इलाके में रविवार रात



करीब 8.45 बजे पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इमारत में 5 लोगों के फंसे थे, जिनको सुरक्षित निकालने की खबर है।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत उठा रहा है ताबड़तोड़ कदम

# कसा और शिकंजा, चिनाब का पानी रोका हर 6 मिनट में चलेगी एक मिलिट्री ट्रेन

*एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने पीएम मोदी से की मुलाकात*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ चौतरफा शिकंजा कस रहा है। पहले सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया, इसके बाद रविवार को बड़ा एक्शन लेते हुए भारत ने बगलिहार बांध के जरिए चिनाब नदी का पानी रोक दिया।

इसी तरह झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की तैयारी चल रही है। एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। चिनाब का पानी रोकने से पाकिस्तान और अधिक मुसीबतें बढ़ ▶▶ शेष पेज 6 पर

*पाकिस्तान का समर्थन करने वाले 39 लोगों को असम से गिरफ्तार किया*



### 50 किमी की ऊंचाई से निगरानी करने वाले सिस्टम का परीक्षण सफल

डीआरडीओ ने मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की पहली उड़ान की सफल टेस्टिंग की। इसे 17 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया। स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पृथ्वी की सतह से लगभग 20 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित वायुमंडलीय परत स्ट्रैटोस्फियर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैन

भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत विरोधी गतिविधियों और बयानों को ▶▶ शेष पेज 6 पर

राजनाथ की पाक को चेतावनी

### देश जैसा चाहता है, पीएम मोदी उसी भाषा में देंगे जवाब

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से



का माहौल बना हुआ है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में संस्कृति जागरण महोत्सव में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। राजनाथ ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पंजाब में सेना ने ब्लैकआउट ड्रिल की, 30 मिनट छाया रहा अंधेरा

पंजाब के फिरोजपुर में भारतीय सेना की छावनी में रविवार रात आधे घंटे के लिए पूर्ण ब्लैकआउट अभ्यास किया गया। इस कंप्लीट ब्लैक आउट एक्सरसाइज को संभावित युद्ध की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। अभ्यास सत्र के दौरान रविवार रात 9 बजे से 9.30 मिनट तक पूर्ण अंधकार बनाए रखा गया। इसे सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से पूरा सहयोग देने की अपील की गई थी, ▶▶ शेष पेज 6 पर

जम्मू-कश्मीर के रामबन में दर्दनाक हादसा

# सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा, तीन जवान शहीद




एजेंसी ▶▶ रामबन/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ हादसे में शहीद हुए सैनिकों की पहचान हुई

### बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुईः सिंह

एसएसपी रामबन कुलबीर सिंह ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। सेना के एक वाहन का चालक, जो काफिले का



हिस्सा था, वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन खाई में लुढ़क गया। वाहन में तीन लोग सवार थे। दुर्भाग्य से, तीनों की मौत हो गई। पुलिस दल, क्यूआरटी, सेना, सीआरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और ऑपरेशन को अंजाम दे रही हैं। हम शवों को निकालने और उन्हें ऊपरलाने की कोशिश कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## आर्मी कैंप में आग, जवानों ने संभाला मोर्चा

उधर, दूसरी घटना लद्दाख के लेह में हुई। जहां रविवार को एक आर्मी कैंप में आग लग गई, जिसके तत्काल बाद भारतीय सेना के जवानों ने आग पर काबू पा लिया। यह मामला लेह के डिग्री कॉलेज के पास मौजूद आर्मी कैंप का बताया जा रहा है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आर्मी कैंप में धधक रही आग पर सेना के जवानों ने काबू पाया। हालांकि, दमकल विभाग की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें जवान सेना के एक टैंकर में चढ़कर पानी निकाल रहे हैं और आग पर पानी छिड़क रहे हैं।

14 जून को जारी होगा रिजल्ट

## सुरक्षा के बीच देश के 552 शहरों में हुई नीट परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। देशभर के 552 शहरों के करीब पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर करवाया गया है। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब एनटीए की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा और इसके बाद 23 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। ब्रोशर में दी गई डिटेल के मुताबिक रिजल्ट 14 जून 2025 को घोषित किया जाएगा। भोपाल में दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5 बजे तक चली। हालांकि सुबह 11 बजे से ही छात्रों का सेंटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था। कलेक्टर कौशलेंद्र ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ भोपाल के 35 सेंटर में 14 हजार छात्रों ने दी परीक्षा

मंदसौर में एंबुलेंस चालक की क्रूरता

## चलती एंबुलेंस से फेंक दिया, बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

108 एंबुलेंस जीवन रक्षक मानी जाती है। लेकिन मंदसौर जिले के शामगढ़ में इसके ठीक उलट एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार रात करीब 8:30 बजे एक घायल युवक को तेज रफ्तार एंबुलेंस से सड़क पर फेंक दिया गया, जिससे उसकी इलाज के अभाव में मौत हो गई। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, नारायणसिंह (50 वर्ष), निवासी आकली दीवान, जो गांव के सरपंच के भांजे बताए जा रहे हैं, किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान एक ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ सीसीटीवी में कैद हुई सनसनीखेज घटना

भैंस से बचने कार दूसरे लेन में घुसी


## दो कारों की भिड़ंत में मासूम सहित 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

यहां सड़क हादसे में पिता और दो साल के बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं। दो घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज जबकि एक को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बड़ामलहरा थाना इलाके में राजा ढाबा के पास शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 10 बजे सड़क पर मरी पड़ी भैंस से बचने के लिए एक कार दूसरे लेन में घुस गई। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी कार उससे टकरा गई। सभी घायलों की स्थिति गंभीर है। अर्टिगा कार ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ मृतकों में 2 साल का बेटा और पिता शामिल




प्रदेश में आंधी- बारिश के साथ अभी तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम

भोपाल में भी जारी रहेगा मौसम में बदलाव

# भोपाल सहित छह जिलों में गिरे ओले, एक घंटे में 4 डिग्री गिरा पारा

आज भी आधा दर्जन से अधिक जिलों में आंधी, बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित छह जिलों में रविवार को आंधी के साथ बारिश और ओले गिरे। दोपहर बाद बदले मौसम के मिजाज से शहर में गर्मी से काफी राहत रही, जबकि प्रदेश में कुछ जगह गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की सूचना है। भोपाल में एक घंटे की आंधी बारिश और ओले गिरने से प्रदेश में इंदौर के बाद सबसे अधिक पारे में गिरावट दर्ज हुई।

एक घंटे में ही यहां पारा 4.1 डिग्री गिरकर 37 डिग्री पर पहुंच गया। यह नॉर्मल से ▶▶ शेष पेज 6 पर



*भोपाल में बारिश*

### अभी यह सिस्टम सक्रिय

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान से पंजाब से सटे उत्तर पश्चिमी राजस्थान में है, जो एक सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन दक्षिणी उत्तर प्रदेश और आसपास और एक सकुर्लेशन उत्तरी मराठवाड़ा और आसपास सक्रिय है। यहां से एक ट्रफ दक्षिणी उत्तर प्रदेश के मध्य से होती हुई मध्य प्रदेश, मराठवाड़ा, कर्नाटक होते हुए दक्षिणी तमिलनाडु तक बनी हुई है। इन प्रमुख कारणों से अभी प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### आज यहां ओले बारिश का अलर्ट



देवास में ओले गिरे

*सोमवार तक शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं आंधी के साथ बारिश होगी और ओले गिरेंगे। इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अशोकनगर जिलों में भी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम,* ▶▶ शेष पेज 6 पर

# जीएडी ने तबादला नीति में 21 पेज की नियमावली जारी की चपरासी के तबादले भी विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही होंगे

## स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने तबादले में दी गई एक महीने की छूट में राज्य व जिला स्तर पर होने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले के लिए 21 पेज की नियमावली जारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने नियमावली में कहा कि तबादला नीति से हटकर होने वाले तबादले के प्रकरण मुख्यमंत्री के समन्वय में जाएगा।

यह ठीक उसी तरह होगा, जो तबादले में छूट से पहले साल भर होते थे। दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी किया है। इसमें आवेदन के लिए 6 से 16 मई तक का समय दिया गया है। सरकार ने तबादले पर लगे प्रतिबंध में एक मई से 30 मई तक के लिए छूट दी है। इसी अवधि में सभी विभागों में तबादले होना है। हालांकि अखिल भारतीय सेवा, न्यायिक सेवा व राज्य सेवा के अधिकारियों के साथ मंत्रालयीन सेवा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर यह छूट लागू नहीं होगी। इन निर्देशों के अनुसार जिला व राज्य संवर्ग के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिले के भीतर तबादला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री करेंगे। जबकि सभी विभागों के राज्य संवर्ग के तहत विभागाध्यक्ष तथा शासकीय उपक्रमों एवं संस्थाओं में पदस्थ प्रथम श्रेणी के सीईओ के तबादले समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे। जबकि राज्य संवर्ग में सभी प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी व तृतीय श्रेणी के तबादले विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे। इसीतरह चतुर्थ श्रेणी के तबादले जिले के भीतर को छोड़कर विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे। जिनके तबादले अप्रैल में हुए थे, उनके दोबारा नहीं होंगे।

### पुलिस में तबादले की यह रहेगी रूपरेखा



गृह विभाग के तहत डीएसपी से नीचे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले पुलिस स्थापना बोर्ड की ओर से जिले में पदस्थापना का निर्णय लिया जाएगा। जिले के भीतर एसपी प्रभारी मंत्री के परामर्श के उपरांत पदस्थापना की जाएगी। डीएसपी और उससे वरिष्ठ के अधिकारियों के तबादले स्थापना बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुरूप विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे। इसीतरह पूर्व में गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों व अन्यों के लिए जारी नीति भी जरूरत के अनुसार लागू होगी।

### सबसे पहले तबादले अनुसूचित क्षेत्रों में होगे

*नीति के अनुसार सबसे पहले तबादले अनुसूचित क्षेत्रों में किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में शत प्रतिशत रिक्त पदों पर पूर्ति के बाद गैर अनुसूचित क्षेत्रों में रिक्त पदों पर तबादले होंगे। अनुसूचित क्षेत्रों में 3 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही तबादले होंगे। किंतु ऐसे तबादले उनकी जिले में पछ्स्थापना की वरिष्ठता के क्रम से किए जाए अर्थात जो पूर्व से पदस्थ हो, उनका तबादला पहले किया जाएगा। ज्वानिंग के लिए भी नीति बना दी गई है। इसका पालन अनिवार्य किया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले जीएडी से जिले में की जाएगी। इसी तरह अन्य तबादले भी किए जाएंगे।*

### शिक्षा विभाग ने 2022 के तबादला नीति के अनुसार कार्यक्रम जारी किया

*स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादला नीति 2022 को ध्यान में रखकर तबादला नीति के क्रियान्वयन के लिए समय सारणी जारी की है। इस अनुसार स्वैच्छिक तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अतिशेष शिक्षक भी स्कूल का विकल्प दे सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की समयसीमा 6 से 16 मई के बीच में दी गई है। आदेश जनरेट करने की समयसीमा 20 मई तक दी गई है। ऐसे अतिशेष शिक्षक जिन्होंने स्वैच्छिक तबादले का विकल्प नहीं चुना है या विकल्प नहीं मिल पाया है उनके प्रशासनिक आधार पर तबादले होंगे। इसके लिए 30 मई तक का समय दिया गया है। इसीतरह तबादले के बाद भारमुक्ति व कार्यभार ग्रहण करने संबंधी समस्त कार्रवाई एक जून तक पूरी की जाएगी।*

---

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया रीवा न्यायालय भवन का लोकार्पण

# न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही सरकार: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक समाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। डॉ यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। डॉ यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**बोले-नए कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध**




### खुशी और गौरव लेकर आई न्यायालय भवन की सौगात

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। न्यायालय के नवीन भवन के लोकार्पण में मुख्यमंत्री और न्यायाधीशगणों ने शामिल होकर हमारा गौरव बढ़ा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली सुदृढ़ होगी तो हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बनेगा। समारोह में हाईकोर्ट के पोर्टफोलियो जज संजीव सचदेवा ने कहा कि रीवा की न्यायिक प्रणाली देश के संविधान से भी पुरानी है। यहां राजशाही विन्ध्य प्रदेश के समय भी मजबूत न्याय व्यवस्था थी। रीवा हाईकोर्ट से बघेलखण्ड और बुंदेलखण्ड के 21 जिलों के प्रकरणों का निराकरण होता था। नवीन न्यायालय भवन से रीवा की न्यायालयीन परंपरा को नया आयाम मिलेगा।

### न्याय की देवी की काली पट्टी खोलना अभूतपूर्व पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नए कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। डॉ यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है, ताकि न्याय की देवी खुली आंखों से सबको न्याय दे सके, यह एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त नए न्यायालय भवन के लिए रीवावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके अधिकारों और हितों की रक्षा में यह भवन न्याय के प्रति आस्था का केंद्र बनेगा।*

### तेजी से आगे बढ़ रही सरकार: न्यायाधीश सूर्यकांत

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा के नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है।

### स्थापत्य, आधुनिकता का अनूठा संगम

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

### रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण: सतीश चंद्र

*सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर जीपी सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जेएस वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहां के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में किया लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का शिलान्यास



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर में मप्र उच्च हाईकोर्ट के एक समारोह में लॉयर्स चेंबर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। समारोह में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं जस्टिस एससी शर्मा, मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।*

---

## नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

# मुख्यमंत्री ने रीवा सिटीजन एप का किया शुभारंभ, आम लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नगर पालिक निगम रीवा में निर्मित माय रीवा सिटीजन एप का शुभारंभ किया। यह एप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है, जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम ने माय रीवा सिटीजन एप से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर जिले के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### माय रीवा सिटीजन एप में यह सुविधाएं

माय रीवा सिटीजन एप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, संपत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं ई-चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। एप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन-स्टाप प्लेटफार्म में शिकायतों, सेवाएं, सरल एवं पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी।

### रीवा में नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा प्रवास के दौरान राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रुपए की लागत से निर्मित विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का अवलोकन किया और बेहतर निर्माण की प्रशंसा की।

### 2200 वर्गमीटर में बना है यह विश्राम भवन

*पुर्नघनत्वीकरण योजना में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने 2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेंटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि शामिल हैं। भवन में लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।*

---

## जनसंपर्क के उपसंचालक नीरज शर्मा का निधन



**भोपाल।** जनसंपर्क विभाग में उपसंचालक रहे नीरज शर्मा का रविवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से डिमेंशिया रोग से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। नीरज शर्मा के पुत्र अभिजीत ने बताया कि दोपहर उनका अंतिम संस्कार सुभाष नगर विश्राम घाट पर किया गया। नीरज शर्मा के आकस्मिक निधन पर जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी-अधिकारी और पत्रकारों ने शोक व्यक्त कर शर्मा परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## भवन स्वामी दंड से बचने 31 दिसंबर के पूर्व फायर प्लान प्रस्तुत करें

# नगरीय विकास मंत्री ने भवनों की सुरक्षा के लिए निकाय अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊंचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिए जाने के लिए कहा है। प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसंबर तक फायर प्लान प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से



अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लान प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दंड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जाएगी। निर्देशों के अनुसार फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से मानक अनुसार फायर प्लान तैयार कर अनुमोदन के लिए अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

### भवनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रावधान

*नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जिन भवनों के लिए फायर सेफ्टी प्लॉन के प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है, उनमें 15 मीटर से ऊंचे समस्त भवन, एक तल पर 500 एम2 से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले समस्त भवन (आवासीय एवं धार्मिक और सामुदायिक भवनों को छोड़कर) शामिल किए गए हैं। कोई भी होटल और अस्पताल, जिसमें 50 से अधिक पलंग और बिस्तर हों, उन्हें भी शामिल किया गया है।*

## मंत्री के आश्वासन के बाद संविदा कर्मियों ने स्थगित की हड़ताल

# पशुपालन मंत्री ने कहा: समस्या का निराकरण कर जल्द पूरी करेंगे मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



**33 दिन से हड़ताल कर रहे थे कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी**

संविदा नीति 2023 लागू करने की मांग को लेकर 33 दिन से हड़ताल कर रहे कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने पशुपालन मंत्री लखन पटेल के आश्वासन बाद हड़ताल स्थगित कर दी। मंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण कर उनकी लंबित मांगों को जल्द ही किया जाएगा।

मप्र संविदा कर्मचारी संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में कुक्कुट विकास निगम के हड़ताली संविदा कर्मचारी पशुपालन मंत्री लखन पटेल से 74 बंगले स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। लखन पटेल ने सभी संविदा कर्मचारियों से कहा कि विभाग आपकी समस्याओं और मांगों को लेकर गंभीर हैं और आपके लिए जल्दी ही सकारात्मक पहल की जाएगी। पशुपालन मंत्री के द्वारा दिए गए आशवासन के बाद कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया।

## सरकार ने धीरेन्द्र शास्त्री के 'जात-पात की करो बिदाई....' के नारे को किया खारिज?

**भोपाल।** सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना के फैसले का उज्जैन की महाकाल सेना ने स्वागत किया हैं जिससे देश में सभी वर्णों की वास्तविक संख्या का पता लगेगा। कुछ दिनों पूर्व बाघेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ने एक नारा दिया था 'जात पात की करो बिदाई....' इस नारे को लेकर देश के सभी साधु संत और सरकार समर्थन में लग रहे थे। साथ ही भारत हिन्दू राष्ट्र बनने को दिखाई दे रहा था। लेकिन सरकार ने जातिगत आधार पर जनगणना की घोषणा करके धीरेन्द्र शास्त्री को उनके नारे को और हिन्दू राष्ट्र की कल्पना के साथ लूप लाइन में डाल दिया है। महाकाल सेना राष्ट्रीय प्रमुख महेश पुजारी ओर सचिव रूपेश मेहता ने पत्र जारी कर मांग की है कि सरकार को जनगणना के साथ ही आरक्षण से लाभान्वित हुए लोगों की सूची भी बनाना चाहिए, जो लोग आरक्षण से लाभान्वित होकर अपने परिवार को मजबूत बना चुके हैं उनका सर्वे होना चाहिए जिससे स्पष्ट हो सकेगा कि आरक्षण से कितने लोगों को और कितनी समाज के लोगों को फायदा हुआ। क्योंकि आरक्षण के कारण ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के साथ कई दलित भी आरक्षण से वंचित हैं साथ ही मुख्यधारा से दूर हैं।और जो वास्तविक रूप से इसके हकदार हैं चाहे वह किसी भी वर्ण के हो उनकी भी सूची तैयार की जाना चाहिए। जिन्हें उनका अधिकार मिल सके, इसलिए यह सर्वे बहुत आवश्यक है।

■ आरक्षण से लाभान्वितों की भी सूची बनाए सरकार

---

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने कृषि विवि में विद्यार्थियों-प्राध्यापकों से किया संवाद

# ग्वालियर में उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले-किसान के खेत से निकलता है विकसित भारत का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और कृषि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव एवं खुशहाली लाने में अपना योगदान दें।

प्रयास ऐसे हों कि किसान केवल फसल उत्पादक बनकर ही न रहें, अपितु वे एग्री-प्रीनियर (कृषि उद्यमी) बनें। उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के परस्पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे तकनीक और अनुसंधान का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बदलाव के प्रबंधक बनें।

संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला मंचासीन थे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




### गो-संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों को सराहा

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा गोवंश के संरक्षण के उद्देश्य से गोशालाओं को दिए जा रहे प्रोत्साहन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की गोशाला के विस्तार में सहयोग के लिए कहा।

### विवि की परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाएं: राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों को समृद्ध व सशक्त बनाकर विकसित भारत बनाने काम कर रहे हैं। कृषि विकास और परिवर्तन के केन्द्र बिंदु विश्वविद्यालयों को अध्ययन व अनुसंधान की मौजूदा परिपाटियों को विश्व स्तरीय बनाना होगा।

### कृषि और पशुपालन से बदलेंगे प्रदेश की अर्थव्यवस्था: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में कृषि और पशुपालन के कार्य प्रदेश की अर्थ व्यवस्था बदलने का कार्य करेंगे। लगभग दो वर्ष पूर्व मप्र का कृषि क्षेत्र 45 लाख हेक्टेयर था जो आज की स्थिति में 55 लाख हो गया है। प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर कृषि क्षेत्र निर्मित करने का राज्य सरकार का संकल्प है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सिंचाई का अहम योगदान है, इस नाते निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं। विश्व की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा मंजूरी के बाद पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना को भी स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्षों से यह परियोजनाएं लंबित थीं। आने वाले समय में प्रदेश में बुंदेलखण्ड, चंबल और मालवा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का उल्लेखनीय विकास होगा। इन परियोजनाओं से मध्यप्रदेश का नक्शा बदलेगा।

### देश में कृषि के क्षेत्र में हो रहे हैं क्रांतिकारी काम: सिंधिया

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हो रहे हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंचाई सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कैन बेतवा एवं काली सिंध-पार्वती व चंबल नदी जोड़ों परियोजना इसी का प्रतिफल है। उन्होंने यह भी कहा कि देश अमृतकाल से शताब्दी काल की ओर अग्रसर है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक देश आत्मनिर्भर ही नहीं, विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से कहा कि आप सब कल का भारत हो, इसलिये देश के विकास की दिशा में नई क्रांति लाने के वाहक बनें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया के सदकार्यों पर भी प्रकाश डाला।

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 मई 2025



प्रगति पेट्रोल पंप के पास बारिश का एक दृश्य। इनसेट : ज्योति टॉकीज चौराहे का दृश्य (ऊपर) जनकपुरी रोड पर भरा पानी (नीचे)

# आधे शहर में आधे घंटे झमाझम के साथ ओले, बह निकलीं नालियां, 40 कॉलोनियों में घंटों बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को लगातार दूसरे दिन दोपहर बाद मौसम तेजी से बदला। आधे शहर में शाम 4.30 बजे से 5 बजे के बाद तक 60 की रफ्तार से आंधी के साथ झमाझम बारिश और ओले गिरे, जबकि आधे शहर में तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदावांदी रही, जिससे धूल उड़ती रही। भानपुर, गांधी नगर, अयोध्यानगर, भेल, आनंदनगर, पिपलानी आदि इलाके में करीब आधे घंटे झमाझम बारिश से नालियां बह निकलीं।

हालांकि, देर रात तक रुक रुककर शहर के अन्य हिस्सों में बौछारों का दौर चलने से गर्मी से काफी राहत रही। दिन का पारा दोपहर के मुकाबले 4 डिग्री गिरकर 37 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि शाम को आंधी, बारिश के बाद पारा और 5 डिग्री तक गिरकर 32 डिग्री के नीचे पहुंच गया। इससे फिजा में और राहत घुल गई। नम हवाओं ने देर रात तक गर्मी से राहत दिलाई, जबकि शहर के दूसरे हिस्सों में उमस का भी असर बना रहा।

## मध्यम नम हवाओं से मिली गर्मी से राहत, आधे शहर में उड़ती रही धूल, देर रात तक बिजली आती-जाती रही



पुराने शहर के लोहा बाजार रोड पर भरा बारिश का पानी।

## बिजली कंपनी के कॉल सेंटर में घनघनाते रहे फोन

इधर, शहर में शाम को आंधी बारिश के बाद 40 से अधिक कॉलोनियों की बिजली गुल रही। देर शाम तक दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में बिजली सप्लाई बाधित रहने से बिजली कंपनी के कॉल सेंटर के फोन घनघनाते रहे। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर भी फीडर में आई खराबी के कारण बिजली सप्लाई जल्द बहाल होने का मैसेज जारी किया। कुछ इलाकों में कंपनी ने एहतियात के तौर पर आंधी के दौरान बिजली बंद कर दी गई, जिसे मौसम में सुधार के साथ बहाल किया गया। हालांकि, देर रात तक कई कॉलोनियों में बिजली आती जाती रही। अशोका गार्डन, करोंद, भानपुर, अयोध्यानगर, पिपलानी, भेल, आनंद नगर, शहजहांनाबाद, जिंसी, गांधी नगर इलाकी की कई कॉलोनियों में बिजली सप्लाई बाधित रही, जो देर रात तक आती जाती रही।



प्रगति पेट्रोल पंप के पास बारिश में भीगती हुईं युवतियां।

### यूजीसी ने बीयू प्रशासन को फॉरवर्ड की शिकायत

# रैगिंग से त्रस्त बीयूआईटी के छात्र ने प्रशासन को दी खुदकुशी की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के एक छात्र ने रैगिंग सहित अन्य मामले को लेकर आत्महत्या की चेतावनी दी है। एक छात्र ने यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत में सीनियर छात्रों पर रैगिंग, लड़कियां लाने और शराब पार्टी में लिप्त होने का आरोप लगाया है। छात्र ने यह भी लिखा कि यदि कोई एक्शन नहीं लिया तो वह आत्महत्या जैसा कदम उठा सकता है। हालांकि, कई छात्रों ने इन आरोपों को एक साजिश करार दिया है। बीयू प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र द्वारा यह शिकायत शनिवार रात दर्ज कराने की बात सामने आई है। लेकिन मामला तब सामने आया जब रविवार शाम यूजीसी ने शिकायत पत्र बीयू को भेजा।




### यूजी को दी गई शिकायत में यह लगाया आरोप

*बायोटेक डिपार्टमेंट के छात्र ने यूजीसी को भेजी शिकायत में कहा है कि हॉस्टल में सीनियर्स रात में लड़कियां लाते हैं और शराब पार्टी करते हैं। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और बार-बार अपने ग्रुप में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैं आत्महत्या कर लूंगा। इधर, एक एलएमएम स्टूडेंट ने कहा कि सीनियर्स पर लगाए गए रैगिंग के आरोप झूठे हैं। ये आरोप राजनीतिक दलों द्वारा लगवाए जाते हैं ताकि सीनियर्स को बदनाम कर उन्हें अपने संगठनों में जोड़ा जा सके। यह एक साजिश है।*

### प्रशासन ने शुरू की जांच, आज होगी बैठक

*इस मामले में विवि प्रशासन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी को जांच के आदेश दिए हैं। कमेटी ने सोमवार को बैठक बुलाई है। जिसमें छात्र के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसे आगे यूजीसी को भेजा जाएगा। दोषी सामने आने पर उनपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

## ढाबा संचालक ने कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों को जमकर पीटा, वर्दी फाड़ी

**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में एक ढाबा संचालक ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर शनिवार देर रात दो पुलिसकर्मियों के साथ जमकर मारपीट की है। विवाद ढाबे में बेठने को लेकर हुआ। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नही हुई है।

> ■ बैठने की जगह को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक रात में ड्यूटी समाप्त होने के बाद निशातपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक मोहित राठौर और महेश दांगी बाइक से भोजन करने ईंटखेड़ी इलाके में बैरसिया रोड पर स्थित चौरसिया ढावे पर भोजन करने गए थे। इस दौरान ढाबा मालिक मुन्नालाल चौरसिया स्वयं खाना खा रहा था। पुलिसकर्मियों ने उसको दूसरी जगह बैठने को कहा। जिससे वह बिफर गया। देखते ही देखते झड़प होने लगी। वहीं ढावा संचालक के बेटे राहुल और मोहित ने अपने चार कर्मचरियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों, चिमटा और झारों से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी मोहित की वर्दी भी फट गई थी। बाद में दोनों पुलिसकर्मियों ने निशातपुरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जीरो पर मामला दर्ज कराया। वहीं, मामले की असल कायमी ईंटखेड़ी थाने में की गई। मामले के बाद ढाबा संचालक सहित अन्य आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि उनको पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। इसके पूर्व भी बदमाशों ने कमलापति स्टेशन पर एक पुलिसकर्मी से मारपीट कर उसकी वर्दी फाड़ दी थी। इसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही हैं।




### सकल हिंदू समाज की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

# लव जिहादियों को मिले कड़ी सजा

हेल्प लाइन नंबर जारी करने के लिए मुख्यमंत्री से की मांग

◆ महिलाओं ने की प्रदेश भर में समितियां बनाने के साथ सभी पीड़ित बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीते शुक्रवार को शहर के 25 स्थानों पर लव जिहाद के विरोध में प्रदर्शन करने वाली सकल हिंदू समाज की महिलाओं ने रविवार को श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचीं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन दिया। जिसमें लव जिहादियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। साथ ही प्रदेश भर में समितियां बनाने और हेल्पलाइन नंबर जारी करने के लिए कहा।

महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि शहर के टीआइटी कालेज एवं अन्य संस्थाओं में हिंदू समाज की छात्राओं व युवतियों को फंसा कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें धर्मांतरण के लिए मजबूर किया जा रहा है। लव जिहाद के मामले के मास्टरमाइंड सारिक मछली को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### क्लब 90 रेस्टोरेंट व फॉर्म हाउस ध्वस्त हो



नगर निगम की ओर से सारिक मछली को लीज पर दी गई जमीन पर बने क्लब 90 रेस्टोरेंट एवं फार्म को ध्वस्त कराया जाए, जहां ले जाकर लड़कियों के वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जाता था। लव जिहाद के आरोपियों फरहान, साहिल, अली खान, अबरार, साद और अन्य सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही सभी पीड़ित बच्चियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। वहीं, टीआइटी कॉलेज सहित अन्य प्रकरणों की जांच के लिए एसआइटी गठित की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे प्रदेश में थाना स्तर पर महिला सुरक्षा समिति का गठन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने ज्ञापन पढ़ा और जल्द ही कार्यवाही कराने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में सेवानिवृत्त महिला आइएएस, समाजसेवी, शिक्षिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योत्सवः निकली शोभायात्रा, हुए भंडारे

## मंदिरों में विधि-विधान से हवन-पूजन कर भगवान चित्रगुप्त महाराज को लगाए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में भगवान चित्रगुप्त की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कायस्थ समाज और चित्रांश बंधुओं द्वारा शहर के विभिन्न चित्रगुप्त मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव के बाद विधि-विधान से हवन-पूजन हुआ। मंदिर में जयंती को लेकर भगवान को 56 भोग लगाया गया।

रविवार सुबह से ही श्री चित्रगुप्त मंदिरों में समाज के लोगों की भीड़ जमा रही। सभी भक्तों ने भगवान के दर्शन लाभ लिए और विधिवत पूजा अर्चना की। पूरे दिन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम चलते रहे। सभी भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद बांटा गया। वहीं शाम को करीब 5 से 5.30 बजे चित्रगुप्त मंदिर से ही गाजे बाजों के साथ भगवान चित्रगुप्त महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सुंदर घोड़े, बग्गी, बैंड-बाजा, डीजे, रथ, और भगवान की सुंदर झांकियां, उज्जैन से आए डमरू दल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।



### जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि मप्र युवा कायस्थ संगठन एवं सहयोगी संगठनों द्वारा जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पूजन कर शोभायात्रा को रवाना किया। यात्रा जवाहर चौक मंदिर से प्रारंभ होकर रंगमहल, तलैया थाना, टीटी नगर, टॉप एन टाउन, रोशनपुरा, जीटीबी कॉम्प्लेक्स होते हुए पुनः मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा मार्ग पर अनेकों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालु यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। समाज के विभिन्न संगठनों ने भी स्वागत में सहभागिता निभाई। समापन के अवसर पर मंदिर में महाआरती हुई और भजन गायक रवि खरे ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गय, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, डॉ. एके श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव (नीलू), सुनील श्रीवास्तव, अभय प्रधान, राजीव सक्सेना, राजेश नारायण आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

### श्री चित्रगुप्त चालीसा का पाठ किया

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत) जिला इकाई भोपाल राजा किशन राम पार्वती बाई ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नेवरी, लाल घाटी स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर चित्रगुप्त धाम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव पर सुबह संकीर्तन आरंभ हुआ। श्री चित्रगुप्त चालीसा का पाठ, अभिषेक पूजन एवं महाआरती की गई। इसके बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

### भवानी धाम में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु



अयोध्या बायपास स्थित भवानी धाम स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भी विशेष श्रृंगार, पूजन, आरती का आयोजन हुआ, जिसमें खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रसाद एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के देवेंद्र सक्सेना ने बताया कि पूजा के बाद सभी भक्तों में प्रसादी वितरित की गई।

### वैदिक मंत्रों से की पूजन

साकेत नगर पंचवटी के पास शिव मंदिर में चित्रगुप्त भगवान का वैदिक मंत्रों से पूजन, अभिषेक एवं महाआरती हुई। कायस्थ कुल स्वामी, बुद्धि, विवेक और ज्ञान के प्रदाता व लेखनी के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज जी के प्राकट्योत्सव पर धार्मिक अनुष्ठानों के बाद शाम के समय भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ ले सकेंगे।



### कायस्थम ने पूजन, हवन और भंडारा किया

कायस्थम, मध्यप्रदेश द्वारा रविवार को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजन, हवन के बाद महा आरती हुई तथा प्रसादी वितरण और भंडारा भी हुआ। सभी कार्यक्रम प्रोफेसर कॉलोनी के संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुए। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य तथा अन्य कायस्थजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कायस्थम की ओर से चित्रांश बंधुओं को श्री चित्रगुप्त जी का कैलेंडर भी भेंट किया गया।

प्रकटोत्सव समारोह

### कायस्थ समाज बुद्धजीवी समाज के तौर पर अपनी पहचान रखता हैः शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कायस्थ समाज बुद्धजीवी समाज के तौर पर अपनी पहचान रखता है। इस समाज के लोग पढ़े-लिखे और संस्कारित होते हैं। जो समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल चित्रांश परिवार द्वारा रीवा में आयोजित भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रांश परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिवर्ष आने का अवसर मिलता है। इस प्रकार के आयोजन समाज को दिशा देने और सशक्त करने का माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि रीवा का विकास सभी के सहयोग से ही संभव हो रहा है। श्री शुक्ल ने कायस्थ समाज द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया तथा वरिष्ठ नागरिक का सम्मान किया।

## नीट परीक्षा 2025: राजधानी के 35 सेंटरों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा

# परीक्षा देने आए छात्र-छात्राओं के गले से लॉकेट जनेऊ और हाथ में बंधा कलावा भी निकलवाया

### परीक्षा के बाद नर्वस दिखे छात्र, कहा- फिजिक्स-केमिस्ट्री ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में रविवार को नीट 2025 की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच 35 सेंटरों पर संपन्न हुई। परीक्षा में राजधानी के करीब 14 हजार छात्र शामिल हुए। परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए तीन लेयर की सुरक्षा जांच व्यवस्था लागू की गई थी। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा में शामिल हुए छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, ब्रेसलेट, गहने, बालों की क्लिप, रेशमी धागे, और धार्मिक धारणाओं से जुड़ी वस्तुओं को परीक्षा हॉल में नहीं ले जाने दिया गया। कई विद्यार्थियों के हाथ में बंधे कलावे, जनेऊ हटाने के साथ गले में पहने रेशमी धागे और लॉकेट भी निकलवा दिए गए।

शहर के मैनिट में बनाए गए एग्जाम सेंटर से परीक्षा देकर निकले छात्र नर्वस दिखाई दिए। छात्रों ने बताया कि फिजिक्स और केमिस्ट्री बहुत कठिन रही, जबकि बॉटनी आसान थी। वहीं अधिकांश छात्रों ने इस बार के पेपर को पिछले साल की तुलना में कठिन बताया। खास तौर पर फिजिक्स और केमिस्ट्री ने छात्रों को परेशान किया, जबकि बॉटनी तुलनात्मक रूप से आसान मानी गई। पहली बार परीक्षा दे रहे छात्रों का कहना था कि यह पेपर उनसे उम्मीद से काफी मुश्किल रहा, वहीं दूसरी बार परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों ने इसे मध्यम स्तर का बताया।



नीट की परीक्षा देने जहांगीराबाद शा. विद्यायलय में जाते विद्यार्थी।

#### थ्री लेयर की थी सुरक्षा व्यवस्था

*परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई, जबकि रिपोर्टिंग समय एक बजे निर्धारित किया गया था। वहीं अधिकतर छात्र तो परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 बजे से ही पहुचना शुरू हो गया था। परीक्षा देने आए हर छात्र को एग्जाम हॉल में प्रवेश देने से पहले थ्री लेयर कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा।*



नीट की परीक्षा देने के बाद नूतन कॉलेज से बाहर आते हुए विद्यार्थी।

#### मेरा सपना कार्डियोलॉजिस्ट बनना



छात्र रोहित रायकवार ने कहा कि मेरा पेपर अच्छा गया। हां फिजिक्स में थोड़ा परेशान किया। खासकर टॉपिक्स के सवाल कठिन थे, लेकिन तैयारी अच्छी होने के कारण जवाब दे पाया। मेरा सपना कार्डियोलॉजिस्ट बनने का है।

#### सभी प्रश्न सिलेबस के अनुरूप आए



*परीक्षा देकर आई छात्रा दीप शिखा रघुवंशी के चहरे पर मुस्कान थी। दीप शिखा ने बताया कि मेरा पेपर अच्छा गया। हां फिजिक्स में थोड़ी कठिनाई रही, बाकी पेपर आसान था। सभी प्रश्न सिलेबस के अनुरूप ही थे।*



नीट की परीक्षा देने पहुंचे सरोजनी नायडू स्कूल में छात्रों के गले से माला और हाथ में बंधा कलावा निकलवाते हुए।



#### सेंटर पर रही मेडिकल टीम और एंबुलेंस

परीक्षा के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 50 मेडिकल टीमों की तैनाती की गई थी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक चिकित्सक और एक पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा 108 एंबुलेंस वाहनों को भी क्विक रिस्पॉन्स मोड में रखा गया था, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मेडिकल सहायता दी जा सके।

डॉ. प्रभाकर तिवारी
सीएमएचओ



#### आनंद नगर स्कूल में बेहतर व्यवस्थाएं, परिजनों ने बनाई दूरी

आनंद नगर हायर सेकंडरी स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर दोपहर एक बजे तक परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। यहां मेडिकल टीम के अलावा सुरक्षा के खास इंतजाम रहे। इस दौरान परिजनों को स्कूल से दूरी बनाने के लिए कहा गया, जिससे पेरेंट्स स्कूल के गेट तक बच्चों को छोड़कर आगे बढ़ गए। स्कूल में 300 से अधिक बच्चों ने परीक्षा दी। यहां परीक्षार्थी अमित सिंह ने बताया कि केमेस्ट्री का पेपर इस लिए कुछ कठिन लगा, क्योंकि इसमें ज्यादातर सवाल इस तरह के थे कि दी गई जानकारी को एक सही ऑर्डर में अरेंज करना था। इससे प्रश्नों को समझने और हल करने में समय ज्यादा लगा। इसके अलावा फिजिक्स में भी कुछ सवाल उलझे हुए थे।

### *किसी को फिजिक्स तो किसी को केमिस्ट्री ने किया परेशान, बायलॉजी का पेपर लगा संतुलित*

मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) 2025 परीक्षा रविवार को राजधानी के 35 सेंटर पर आयोजित की गई। इसमें करीब 14 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। सभी सेंटरों पर शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई। दोपहर दो बजे से होने वाले पेपर के लिए सुबह 11 बजे से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी इकट्ठा होने लगे थे। भोपाल के बागसेवनिया स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय सहित सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यूनिवर्सिटी में परीक्षार्थियों के परिजनों को परीक्षा केंद्र से 100 मीटर पहले ही रोक दिया गया है। नीट परीक्षा में किसी को फिजिक्स तो किसी को केमिस्ट्री टफ लगी। बायलॉजी के पेपर को संतुलित बताया गया। केमिस्ट्री का पेपर पिछले साल की तुलना में अच्छे स्तर का था। छात्रों के अनुसार अधिकांश प्रश्न कक्षा 11 के स्लेबस पर आधारित थे तथा शेष कक्षा 12 के सिलेबस पर आधारित थे। कार्बनिक रसायन के प्रश्न अत्यन्त सरल थे।

**परीक्षार्थियों के परिजनों को परीक्षा केंद्र से 100 मीटर पहले ही रोक दिया**

1. परीक्षा में राजधानी के करीब 14 हजार छात्र-छात्राएं शामिल हुईं
2. राजधानी में सुबह 11 बजे से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी इकट्ठा होने लगे थे

#### गर्मी-उमस से दो स्टूडेंट्स हुए बेहोश

बागसेवनिया स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में गर्मी व उमस और परीक्षा की टेंशन के चलते दो छात्र बेहोश हो गए। परीक्षा देने आए एक छात्र ने बताया कि पंखे तो चल रहे थे, लेकिन दो छात्र बेहोश हो गए। जिनको ड्यूटी कर रहे स्टॉप पानी पिलाया। हालाकि कुछ देर में वह नर्मल हो गए थे। इसके बाद पूरा पेपर दिया।

#### अधिकांश प्रश्न सिलेबस आधारित थे



फिजिक्स का पेपर सरल था। अधिकांश प्रश्न कक्षा 12 वीं और 21 प्रश्न 11वीं के सिलेबस आधारित थे।

पूनम मेवाड़ा, सीहोर

#### इस बार पेपर काफी सरल था



यह मेरा फर्स्ट अटेम्प्ट है। इस बार पिछले साल की तुलना में पेपर काफी सरल था। फिजिक्स केमिस्ट्री के प्रश्न थोड़े कठिन थे, लेकिन बायोलॉजी सरल थी।

उमा मीणा, सीहोर

#### प्रश्न थोड़े कठिन थे



केमेस्ट्री का पेपर आसान था। केमेस्ट्री में ऑर्गेनिक और इनआर्गेनिक से ज्यादा प्रश्न थे। फिजिकल केमेस्ट्री के प्रश्न थोड़े कठिन थे, लेकिन पेपर बहुत ही अच्छा आया है।

हिमांशु पंथी, गैरतगंज

खटलापुरा की बगिया से शुरू किया अभियान

## गायत्री परिवार का निर्मल गंगा जन अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने रविवार से निर्मल गंगा जन अभियान की शुरुआत रविवार को की। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ भोपाल का जल श्रोतों का समग्र स्वच्छता अभियान का शुभारंभ खटलापुरा घाट जहांगीराबाद से किया। अभियान की शुरुआत मां गंगाजी की आरती से की गई। समग्र स्वच्छता अभियान एक पखवाड़ा तक जारी रहेगा। इसके तहत कुआं, बावड़ियों का संरक्षण किया जाएगा। पानी बचाने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के जिला समन्वयक श्याम शर्मा, अमर धाकड़, विनोद मालवीय, घनश्याम आमेरिया, रमेश नागर सहित अन्य लोग शामिल हुए।

सेवा संकल्प युवा संगठन ने की सफाई

## काली घाट मंदिर से शुरू किया स्वच्छ झील व जल अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प युवा संगठन ने वैशाख शुक्ल पक्ष की गंगा सप्तमी पर स्वच्छ झील, स्वच्छ जल अभियान की शुरुआत काली मंदिर घाट पुलपुख्ता पर जाकर घाट की सफाई करके की।

संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि सामाजिक सरोकार के तहत संस्था के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गंगा सप्तमी पर सुबह आठ बजे से अभियान शुरू किया जो लगातार दो घंटे तक चला। घाट से पूजन सामग्री, धार्मिक पुस्तकें, कांच की बोतल जैसी वस्तुएं झील से निकाली एवं किनारे जमा कचरा हटाया गया। संगठन द्वारा निरंतर चार वर्ष से स्वच्छ झील, स्वच्छ जल अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत वर्षा शुरू होने से पहले अलग-अलग जलाशयों की सफाई संगठन के युवाओं द्वारा की जाएंगी। अभियान में संगठन के अजय सेंगर, यश जैन, सुमित मालवीय, विवेक श्रीवास्तव, हर्ष राय, दीपक, अनुराग जैन, सहित काली मंदिर प्रबंधक रजनीश बागवर और निगम के सुपरवाइजर प्रमोद यादव शामिल रहे।




श्रीमती अलका कटारे

।। शोक संदेश।।

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि
डॉ.उत्कर्ष कटारे की माता जी श्रीमती अलका कटारे
पत्नी श्री रामकुमार कटारे का दिनांक 04 मई को
स्वर्गवास हो गया है
अंतिम यात्रा निज निवास-11, लक्ष्मी परिसर,
रोहित नगर, फेस-1 से 5 मई 2025
समय -प्रातः 9 बजे भदभदा विश्राम प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल

रामकुमार कटारे, उत्कर्ष , उज्जवल,
अथर्व, आर्य, शिवा एवं समस्त कटारे परिवार,
मोबा. 9425040266, 9425040245


## परमात्मा सर्वशक्तिमान विश्व रक्षकः नीता दीदी

### *ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नीलबड़ ने शुरू किया अभियान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की ओर से रविवार से स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण का अभियान शुरू किया गया, जो आगामी समय में निरंतर चलेगा। सेवा केंद्र की प्रमुख नीता दीदी ने बताया कि कार्यक्रम में आए सेना के अधिकारियों से कहा कि आपके त्याग, तपस्या एवं सेवा का हम सम्मान करते हैं। आप सभी ने आकर हमें गौरवान्वित किया है। परमात्मा सर्वशक्तिमान विश्व रक्षक है। उसकी शक्तियां अपने भीतर समाहित करने से हर मुश्किल को सहज ही पार किया जा सकता है। उन्होंने चार प्रकार के बल सुझाए।

आत्म, परमात्मा, चरित्र और जिम्मेदारी बल यदि जीवन में धारण कर लें तो जीवन सच्चे मायने में सुरक्षित हो जाएगा। वहीं डीआरडीओ मुख्यालय दिल्ली के असिस्टेंट डायरेक्टर कैप्टन शिव सिंह ने राष्ट्रीय सशक्तिकरण अभियान आंतरिक जागृति के द्वारा आत्म सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी। मुंबई से आए प्रोफेसर गिरीश ने सेल्फ एंपावरमेंट के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए कहा कि आत्मा की उन्नति में ही हमारी सर्वांगीण उन्नति समाई है। जब हम स्वयं ठीक होंगे तब ही हम देश की सतर्कता के साथ रक्षा कर सकेंगे।

वहीं ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने आत्म सशक्तिकरण के लिए राजयोग की विधि स्पष्ट की एवं राजयोग ध्यान का अभ्यास भी गाइडेड कामेंट्री के द्वारा कराया। सभी को गहन शांति एवं सशक्तिकरण की अनुभूति की। साथ ही कार्यक्रम में बीके कुलदीप गोलानी द्वारा सभी के उत्साह वर्धन के लिए गीत की प्रस्तुति भी दी। भ्राता रामकुमार ने अतिथियों का शब्दों से आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों को तनाव मुक्त जीवन किताब, पेन एवं ईश्वरी वरदान दिया।

# लव जिहादः पीड़िताओं से मिली आयोग की टीम, दिलाया सुरक्षा का भरोसा, सभी जांच अफसरों से चर्चा कर दिए दिशा निर्देश

बागसेवनिया थाने भी पहुंची टीम, अब तक हुई जांच की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीआईटी कॉलेज की छात्राओं के साथ हुए लव जिहाद मामले की जांच करने शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की गठित समिति के सदस्य कल से लगातार भोपाल में है। यह टीम इस मामले की जांच में जुड़े पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रही है। रविवार को टीम ने संबंधित मामलों के सभी जांच अफसरों को बुलाकर करीब एक घंटे तक उनसे बातचीत की और उन्हें मामले की जांच से संबधित निर्देश भी दिए। इसके अलावा टीम ने पीड़िताओं से भी भेंट की और उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। शाम को टीम बागसेवनिया थाने भी पहुंची।

दरअसल राष्ट्रीय महिला आयोग ने भोपाल के टीआईटी कॉलेज की छात्राओं के साथ वहां के ही मुस्लिम छात्रों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कई छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते हुए उनके साथ दुराचार करने के मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसमें पूर्व डीजीपी निर्मला कौर, उच्च न्यायालय जबलपुर की अधिवक्ता निर्मला नायक और आयोग के अवर सचिव आशुतोष पांडे शामिल हैं। यह टीम यहां पर मामले की वास्तविकता का पता लगाने आई हुई है। रविवार को टीम ने पांच में से चार पीड़िताओं से मुलाकात की है। एक पीड़ित से भेंट न हो पाने की वजह उसकी तबीयत खराब होना बताई गई है। मुलाकात में टीम ने पीड़िताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। टीम ने पीड़िताओं को पूरी तरह से न्याय मिलने का भी भरोसा दिलाया है।

## ऐसे सबूत जुटाएं कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले

इसी मामले में महिला आयोग की टीम ने अशोका गार्डन जहांगीराबाद और बागसेवनिया थानों में थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आयोग की टीम ने सभी थाना प्रभारियों को आला अफसरों की मौजूदगी में निर्देश दिए हैं कि सभी मामलों की पूरी सटीकता से जांच की जानी चाहिए। इस मामले में ऐसे साक्ष्य एकत्रित करें, जिससे आरोपियों को हर हाल में अधिकतम सजा मिल सकें। मामले की किस तरह से जांच की जाए और आगे क्या कार्रवाई करें यह भी बताया गया। इस दौरान इसका भी पूरा ख्याल रखा जाए कि साक्ष्यों से किसी तरह की छेड़छाड़ न हो सके। बाद में टीम ने लव जिहाद से जुड़े पांचों मामलों की जांच के लिए गठित की गई। एसीपी स्तर के अफसरों के साथ भी लंबी बैठक की, जिसमें इन मामलों से संबंधित हर विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। शाम को टीम बागसेवनिया थाने भी पहुंची। लव जेहाद के पांचों मामले इसी थाने में ही दर्ज किए गए हैं। इसके बाद संबधित थानों को मामले घटना स्थल के अनुसार भेजे गए हैं।

## गर्ल्स हॉस्टलों में भी पहुंची टीमें

लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित निजी और सरकारी गर्ल्स हॉस्टलों का संबंधित इलाकों के एसडीएम के नेतृत्व में टीमें निरीक्षण करने पहुंची हैं। इनल टीमों ने वहां पर रहने वाली छात्राओं से बात करते हुए वहां की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया है।

## मकान मलिकों से होगी पूछताछ

सूत्रों के अनुसार इस मामले में अब पुलिस उन मकान मालिकों से पूछताछ शुरू करने जा रही है, जिनके यहां आरोपियों द्वारा समय-समय पर किराए का मकान लेकर छात्राओं के साथ दुष्कर्म किया गया है।

## रिमांड खत्म होने पर जहांगीराबाद पुलिस करेगी आरोपियों से पूछताछ

उल्लेखनीय है कि आरोपियों ने भोपाल के अलावा आसपास के जिलों में और भोपाल से सटे इलाकों में स्थित कॉलेजों के आसपस के इलाकों में भी मकान किराए पर लेकर उनमें भी छात्राओं के साथ दुष्कर्म किया है। एक प्रकरण जहांगीराबाद थाने में अलग दर्ज हुआ है, जिसको लेकर रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद जहांगीराबाद पुलिस आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेगी।

## खबर संक्षेप



### विनीत तिवारी को मिली पीएचडी उपाधि

**भोपाल।** आध्यात्मिक आनंद प्राप्ति में योग की भूमिका के लिए विनीत कुमार तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपने शोध कार्य सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. मंजू शर्मा ने मार्गदर्शन में किया। उनके निर्देशन में विनीत तिवारी ने वेदों, उपनिषदों, श्रीमद् भागवत गीता, पतंजलि योग दर्शन, बौद्ध दर्शन और जैन दर्शन में वर्णित योग के सिद्धांतों का गहन अध्ययन व विश्लेषण किया है। शोध में इन दार्शनिक परंपराओं में निहित योग साधनाओं को आध्यात्मिक आनंद प्राप्ति के सशक्त माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। विनीत तिवारी ने अपनी उपलब्धि पर कहा कि योग मेरे लिए एक जीवन दर्शन है, जो न केवल व्यक्तिगत विकास बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का भी आधार है।

### जातिगत जनगणना दूरदर्शिता का परिणाम

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीना ने कहा कि केंद्र सरकार की 2026 की जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला राहुल गांधी की दूरदर्शिता, संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता का नतीजा है। यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भाजपा सरकार को बार-बार झुकाने वाली आवाज की जीत है। राहुल गांधी की यह जीत ओबीसी, दलित और आदिवासी समाज के लिए नई उम्मीद है। उन्होंने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया। 2023 से 2024 तक उन्होंने संसद, रैलियों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया।

### शांति नगर विकास समिति भोजपुर का हुआ गठन

**औबेदुल्लागंज।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांति नगर विकास



समिति भोजपुर का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष विमल कुमार जैन राजदीप ने कार्यकारिणी की घोषणा की। महामंत्री जिनेंद्र जैन, उपमंत्री राकेश जैन, उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन, उपाध्यक्ष ऋषभ जैन एवं विजयनायक, कोषाध्यक्ष राजीव जैन, प्रवक्ता आजाद जैन, विशेष आमंत्रित अनिल जैन, कोलार अमित जैन, विशेष सलाहकार आदिश जैन, एनसी जैन, निर्माण मंत्री इंजीनियर मुकेश जैन, ठेकेदार राजीव जैन, विधिक सलाहकार मनोज जैन, मुनि व्यवस्था विनोद आरएनजी, विजय पहाड़िया, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद बंग, सुरेंद्र जैन, छोटू अतुल जैन, अक्षत जैन अध्यक्ष ने गोशाला के लिए संयोजक सुरेंद्र जैन छोटू को बनाया और कोषाध्यक्ष आजाद जैन, प्रमोद बंगरसिया को बनाया गया।

### डॉ. उत्कर्ष कटारे को मातृ शोक

**भोपाल।** राजधानी के प्रसिद्ध



चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष कटारे की माता अलका कटारे पत्नी रामकुमार कटारे का रविवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास 11, लक्ष्मी परिसर, रोहित नगर फेस 1 से सोमवार 5 मई प्रातः 8.30 बजे भदभदा विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं।

## पीड़ित का आरोप, पुलिस केस दर्ज करने के बजाय धमकाकर वापस लौटाया

# थाने में चोरी की शिकायत करने के बाद घर लौटे तो बदमाशों ने कर दिया हमला, चार लोग घायल

▶ बीच बचाव करने पहुंचे दोस्त की अंगुली कटी, पिता का पैर टूटा, भाई को आई कई जगह चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर इलाके में रहले वाले एक परिवार को पुलिस से चोरी की शिकायत करना भारी पड़ गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की, इधर आरोपियों को जरूर पता चल गया कि उनके खिलाफ थाने में शिकायत आई है। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया, जिससे चार लोग घायल हो गए। उधर, इस मामले में अब तक पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है, बल्कि पुलिस का दावा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नई बस्ती सी सेक्टर गांधी नगर निवासी सुरेन्द्र शर्मा रविवार की दोपहर घर पर भोजन करने गए थे। इस दौरान उन्होंने अपना ऑटो घर के बाहर ही खड़ा कर दिया था। इसी दौरान उनके ऑटो में लगा साउंड सिस्टम चोरी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें बताया कि उनके ऑटो से सामान इलाके के बदमाश रितिक मराठा और कल्लू बंजारा चुराकर ले गए हैं।



इसकी शिकायत उनके द्वारा 100 डायल को की गई। इसके बाद वे थाने आ गए। वे थाने गए तो पुलिस ने उनकी शिकयत पर मामला दर्ज करने की जगह उन्हें धमकाया और काउंटर केस दर्ज करने का हवाला देकर उन्हें लौटा दिया। वे लौटकर जैसे ही घर पहुंचे तभी आरोपियों ने उन पर हमलाकर दिया। इस दौरान उन्हें बचाने के लिए उनका भाई नरेन्द्र और पिता आए तो बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। यही नहीं उनका एक दोस्त अविनाश पर भी बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान अविनाश के एक हाथ की अंगुली कट गई है, जबकि ऑटो चालक भाइयों को भी कई जगह चोंटे आई हैं और उसके पिता का तो पैर ही तोड़ दिया गया है। फिलहाल सभी घायल अस्पताल में भर्ती हैं।

### पीड़ित पक्ष का आरोप, समझौते पर जोर देती रही पुलिस

उधर, पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस मामला दर्ज करने की जगह पूरे समय धमकाकर समझौता करने पर जोर देती रही है। वहीं थाना प्रभारी सुरेश कुमार का कहना है कि वारदात 2 मई की रात की है। रात में ही सुरेन्द्र शर्मा, उसकी मां अनीता और पिता जगदीश थाने आए थे, जबकि दूसरे पक्ष के लक्ष्मण और उसका पुत्र कल्लू बंजारा थाने आए थे। उन्हें साधारण चोटें थीं। दोनों पक्षों का मेडीकल भी कराया गया था, तब उसके द्वारा दोस्त अविनाश के घायल होने की जानकारी नहीं दी गई थी। उसके द्वारा कहा गया था कि वह पिता का इलाज कराने के बाद 3 मई की सुबह आकर शिकयत करेगा, लेकिन अब तक नहीं आया है। अहम बात यह है कि इस मामले की अस्पताल से भी कोई सूचना नहीं आई है। अब उसके द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो डाला गया है, जिसमें उसका दोस्त घायल दिख रहा है। इसकी तफ्शीश करने के लिए उपनिरीक्षक को अस्पताल भेजा गया है।

## कार पार्किंग को लेकर दो गुटों में चले लाठी-डंडे, एक गंभीर घायल

▶ मिसरोद इलाके के जाटखेड़ी का मामला
▶ दोनों पक्ष के लोग ब्यूटी पार्लर का करते है संचालन, काउंटर केस दर्ज

**भोपाल।** मिसरोद इलाके में स्थित जाटखेड़ी में कार पार्किंग को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक दूसरे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटनाक्रम में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी है, जिसे एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पुलिस के मुताबिक राघवेन्द्र यादव उफ विराट निवासी नगर निगम कॉलोनी जाटखेड़ी में ब्यूटी पार्लर का संचालन करते हैं। वहीं, इनके बगल से राजेश श्रीवास्तव का भी ब्यूटी पार्लर है। उनके घर की महिलाएं इस ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। शनिवार शाम को 5 बजे रोहन श्रीवास्तव अपनी कार को खड़ी कर पास ही चाय पीने लगे। इसी दौरान राजेश श्रीवास्तव और उनके परिवार के लोगों ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते दोनों गुट के लोग आ गए और जमकर मारपीट की। इस दौरान एक दूसरे पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रोहन श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में पुलिस ने राघवेन्द्र की शिकायत पर राजेश श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अभिषेक सेन, आदित्य, यासी नेहा को आरोपी बनाया है। वहीं राजेश श्रीवास्तव की शिकायत पर राघवेन्द्र उर्फ विराट, रोहन, शुभम बैरागी ओर आयुष को आरोपी बनाया है। पुलिस का कहना है कि गंभीर रूप से घायल रोहन के बयान होने के बाद एक पक्ष के आरोपियों पर धाराएं बढ़ाई जा सकती है।

## सैन्यकर्मी ने होटल में फांसी लगाकर किया सुसाइड

### आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज इलाके के एक होटल में एक सैन्यकर्मी ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव सेना को सौंप दिया, इसके बाद सेना ने उनके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस के मुताबिक केरल निवासी 35 वर्षीय निर्देश एस सेना में नायक की पोस्ट पर पदस्थ थे। उनका तबादला हाल ही में श्री ईएमई सेंटर मे हुआ था, वे यहां पर आमद देने के लिए आए हुए थे। इस दौरान वे हमीदिया रोड स्थित खजुराहो होटल में रुके थे। रात करीब दस बजे होटल कर्मचारी उनके कमरे में पहुंचा तो उसे फांसी पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की सूचना पुलिस ने रात में ही श्री ईएमई सेंटर को दे दी थी। मौके से पुलिस को उसका सामान भी मिला है। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहले थार सवार युवकों ने टक्कर मारी, फिर मोबाइल छीनकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया इलाके में थार सवार युवकों ने आटो मोबाइल्स शॉप पर काम करने वाले कर्मचारी की कार को टक्कर मार दी। उसने जब घटनाक्रम का मोबाइल से वीडियो बनाया तो आरोपी मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 33 वर्षीय सुमेर सिंह अल्कापुरी में रहते है। वे एक आटोमोबाइल्स की दुकान में काम करते है। सोमवार मंगलवार दरमियान रात साढ़े बारह बजे अपना काम खत्म करके कार से घर जा रहे थे। आर आर हिल के पास पर इसी दौरान ब्लैक कलर की थार में सवार युवकों ने उनकी कार को टक्कर मार दी। उन्होने कार से उतरकर अपने मोबाइल से वीडियो बनाया तो आरोपी भी उनसे झूमा झटकी की और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इसके बाद आटोमोबाइल्स कर्मचारी ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से पहुंची बारात 47 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

तारानगर में गौंड आदिवासियों का सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

तारानगर में रविवार को गौंड आदिवासियों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में 47 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। आदिवासी सम्मेलन में क्षेत्र के आदिवासी सरपंच, आदिवासी जनपद सदस्य शामिल हुए। तारानगर में ट्रैक्टर ट्रॉली में दूल्हे बारात लेकर आए। जनपद के उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरदार सिंह बरकरे ने सभी वर-वधुओं का स्वागत किया। संरक्षक पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद इरपाचे ने बारातियों का स्वागत किया। इस विवाह सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।

कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने कहा सामूहिक विवाह समाज में एकता का प्रतीक है और फिजूल खर्च रोकने का माध्यम है। आदिवासी समाज का यह अनूठा सम्मेलन है। इस अवसर में कांग्रेस नेत्री पवित्र कौर, मुकेश राय, हरजीत सिंह मंगू, सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष भूरेलाल कड़िया और दिनेश धुर्वे ने अतिथियों का स्वागत






किया। जनपद सीईओ वृंदावन मीणा ने आयोजन को सफल बताया। सरदार सिंह बरकरे और विनोद इरपाचे ने आभार व्यक्त किया।

## अघोषित बिजली की कटौती से रहवासी हो रहे परेशान

**औबेदुल्लागंज।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में जरा से बादल होने और हल्की हवा चलते ही घंटों बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ता है। बिशनखेड़ा फीडर वार्ड 1 और वार्ड 2 महावीर कॉलोनी से जुड़ा है। पूरे नगर में सिर्फ इस एक फीडर पर ही पूरे साल मरम्मत का काम करते हैं फिर भी काम पूरा नहीं होता है।

महावीर कॉलोनी के वरिष्ठ समाज सेवी संजय सिंह चौहान, पेंशनर्स समिति के अध्यक्ष नवल मालवीय, उपाध्यक्ष सीताराम मालवीय, सर्वेश गौर, जीतू नन्वंशी, प्रेम नारायण सोनी, मयूर दीक्षित, राकेश दुबे आदि ने बताया कि बिजली कंपनी वाले बिजली का बिल तो लेने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, मगर आम नागरिकों की परेशानी देखने कोई नहीं आता। दो दिन से अघोषित बिजली की कटौती से आम नागरिक परेशान हैं।

### टिगरिया ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना में गड़बडी

## बिना मजदूरी किए मस्टर रोल में नाम दिखाकर बैंक खाते में डाल रहे राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

टिगरिया ग्राम पंचायत के पंचों ने बताया कि यहां खुलेआम बंदरबांट जारी है। इसकी शिकायत पंचों एवं उप सरपंचों ने रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया एवं औबेदुल्लागंज सीईओ वृंदावन मीणा से की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टिगरिया में चल रही मनरेगा योजना में काफी गड़बड़ी की जा रही है। पंचायत भवन, शौचालय भवन निर्माण के लिए ऐसे लोगों के नाम मस्टर रोल में दिखाकर बैंक खातों में राशि डाली जा रही है, जिन्होंने एक दिन तो क्या, एक पल भी मजदूरी करने पंचायत में नहीं पहुंचे हैं। उनके बैंक खातों में राशि डाल कर आपस में बांट लेते हैं।

भ्रष्टाचार का यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। पंचायत में ठेकेदार काम कर रहे हैं। ठेकेदारों की मिली भगत से पंचायत सचिव, सरपंच, इंजीनियर मिलकर



खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जनपद सीईओ वृंदावन मीणा से टिगरिया पंचायत में हो रहे भारी भ्रष्टाचार पर पूछा तो उन्होंने कहा मेरे पास भी शिकायत आई है मैं इसकी जांच स्वयं जाकर करुंगा।

### महिला की बहन ने पकड़ने की कोशिश की, पर आरोपी भाग निकला

# सुबह मंदिर जा रही महिला पर छुरी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर इलाके में सुबह मंदिर जा रही एक महिला पर मास्क पहनकर आए एक युवक ने छुरी से हमला कर दिया। इस दौरान महिला की बहन ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक रेखा जैन पति प्रदीप जैन उम्र 60 जोन टू एमपी नगर में रहती है। अपनी बहन के साथ रविवार सुबह साढ़े छह बजे पैदल पैदल जैन मंदिर जा रही थी। इस दौरान एक युवक सामने से पैदल पदल आया। उसके चेहरे पर मास्क था। इस दौरान उसने छुरी से उनके कंधे और पेट पर वार किया। पीडिता की बहन जो हाथ में झोला लिए थी उन्होंने उससे आरोपी पर वार किया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसने दौड़ लगा दी। पीड़िता को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। वहीं पीडित महिला के बयान लिए जा रहे है कि उनको किस पर संदेह है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### बी मार्ट में काम करने वाला युवक फंदे पर झूला

कोलार इलाके में रविवाद दोपहर एक युवक ने फांसी लगा ली। सुसाइड के पुख्ता कारणों का पता नहीं चला है, लेकिन परिजनों का कहनाा है कि मृतक की मानसिक



हालत ठीक नहीं थी उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय धनु चौधरी निवासी श्री राम वाटिका बी मार्ट में काम करता था। वह रविवार के दिन काम पर नहीं गया था। उसकी भाभी घर पर खाना बना रही थी इस दौरान वह अंदर के कमरे में गया और कपड़े का फंदा बनाकर पंखे से झूल गया। परिजनों ने देखा तो उसे आनन-फानन में फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अस्पताल कर्मचारी का शव

टीटी नगर इलाके में एक संदिग्ध परिस्थितियों में एक अस्पताल कर्मचारी का शव मिला है। मकान मालिक की सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वेदप्रकाश ठाकुर पिता जगदीश उम्र 37 तुलसी नगर बीडीए कॉलोनी में किराए से रहता था। वह जेपी अस्पताल में कर्मचारी था। दो दिन से उसके कमरे से लगातार बदबू आ रही थी। मकान मालिक सुनील भाटिया ने संदेह होने पर गेट खोला तो देखा कि कर्मचारी का शव पड़ा था और कूलर चल रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## लव जिहाद का विरोधः मातृशक्ति ने प्रदर्शन कर निकाली रैली

कलेक्टर के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सकल हिन्दू समाज की महिलाओं ने रविवार को 'लव जिहाद' के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हिन्दू लड़कियों को लक्षित करने, दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अब ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक संगठित गिरोह कट्टर विचारधारा के साथ हिन्दू महिलाओं और लड़कियों का उत्पीड़न कर रहा है। लव जिहाद की घटना को लेकर नगर वासियों का आक्रोश लगातार



बढ़ता जा रहा है। सकल हिंदू समाज की नारी शक्ति द्वारा यह प्रदर्शन किया गया। सभी महिलाएं नगर पालिका परिसर के पास एकत्रित हुईं और अपने हाथों में लव जिहाद विरोधी नारों की तख्तियां लेकर रैली निकाली। मंगल बाजार, नेषनल हाइवे होते हुए थाना परिसर पहुंची। जहां थाना प्रभारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष ऊषा भार्गव, नपा पार्षद प्रार्थना चौहान, नगर विकास समिति सचिव राधिका पाल, निकिता नामदेव, शिरोमणी बांके, दुर्गा चौहान आदि मौजूद थीं।

# अनंत अंबानी पत्नी राधिका के साथ पहुंचे हरिद्वार मां गंगा का लिया आशीर्वाद



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी रविवार को अपनी पत्नी राधिका मर्चेंट और खास मित्रों के साथ हरिद्वार स्थित की हर की पौड़ी पहुंचे और यहां पर ब्रह्मकुंड पहुंचकर पूरे विधि विधान के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की। भारत के सबसे अमीर इंसान के बेटे-बहू के हरिद्वार पहुंचने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हाल ही में उन्होंने पैदल यात्रा करके भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर आशीर्वाद लिया था और अपनी पत्नी संग हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने ब्रह्मकुंड पर गंगा मां की आरती और पूजा की। इस दौरान पुजारियों की उपस्थिति में दोनों ने मां गंगा में दुग्धाभिषेक किया और सभी की कुशलता की कामना की।

### अनंत ने लिखा संदेश

*गंगा घाट पर पूजा-अर्चना करने के बाद अनंत अंबानी गंगा सभा के कार्यालय में पहुंचे थे और यहां पर उन्होंने गंगा सभा के विजिटर बुक में अपना संदेश भी लिखा है, इसमें अनंत ने हर की पौड़ी पर व्यवस्थाओं और मां गंगा के बारे में अपनी राय लिखी। उन्होंने हरिद्वार की व्यवस्थाओं और प्रबंधन के लिए गंगा सभा को धन्यवाद दिया है।*

# एयर इंडिया फ्लाइट में नशे में धुत यात्री ने एयर होस्टेस से की छेड़छाड़, केस दर्ज

### शिरडी एयरपोर्ट उतरते ही आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो की फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ की। मामला 2 मई की है। लेकिन अब इसकी जानकारी सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार 2 मई को दिल्ली से शिरडी जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6404 में एक यात्री ने नशे की हालत में एयर होस्टेस के साथ छेड़छाड़ की थी। इस घटना के बाद एयर होस्टेस ने मामले की जानकारी क्रू मैनेजर को दी। एयरहोस्टेस की शिकायत पर आरोपी यात्री को शिरडी एयरपोर्ट पर उतरते ही सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया। इंडिगो की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि हमें 2 मई, 2025 को दिल्ली से शिरडी जाने वाली फ्लाइट 6ई 6404 में हुई घटना की जानकारी है, जिसमें एक ग्राहक ने केबिन क्रू के साथ गलत व्यवहार किया। हमारे क्रू ने मानक प्रक्रियाओं का पालन किया और ग्राहक को अनकंट्रोल घोषित कर दिया। लैंडिंग के बाद ग्राहक को सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया गया। इंडिगो ने जारी प्रेस नोट में आगे लिखा कि हम सभी के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

**मोदी सरकार का बड़ा फैसला**

# आईएमएफ के ईडी की छह महीने पहले ही विदाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सरकार ने एक अप्रत्याशित कदम के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक (ईडी) के वी सुब्रमण्यन की सेवाएं उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले समाप्त कर दी हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड कर्ज में डूबे पाकिस्तान के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करने वाला है। पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत कूटनीतिक और विभिन्न वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को घेरने का प्रयास कर रहा है। भारत का मानना है कि इस हमले में पाकिस्तान शामिल है। इस आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 अप्रैल, 2025 से सुब्रमण्यन की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

### भारत सरकार थी नाखुश

आईएमएफ सुब्रमण्यन द्वारा दिए गए कुछ बयानों से नाखुश रहा है, खासकर भारत की ऋण स्थिति के बारे में। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा उनकी नई किताब इंडिया @100: एनविज़निंग टुमॉरोज इकनॉमिक पावरहाउस' के प्रचार और प्रसार को लेकर 'कथित अनियमितता' पर चिंता व्यक्त की गई थी। सुब्रमण्यन को एक नवंबर, 2022 से तीन साल की अवधि के लिए आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक (भारत) के रूप में नियुक्त किया गया था।

# लैंडिंग के दौरान दीवार से टकराया ट्रेनी विमान



**लखनऊ।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में रविवार दोपहर पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। 4 सीटर इस प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद था, जो प्लेन उड़ा रहा था। हालांकि प्लेन की स्पीड स्लो होने की वजह से पायलट को कोई नुकसान नहीं हुआ।

जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली, तो अफरा-तफरी मच गई। प्लेन आसमान में उड़ने के बाद लैंडिंग कर रहा था। प्लेन को रन-वे पर उतारने के दौरान इसका डायरेक्शन बदल गया और यह एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। हालांकि, इस हादसे में प्लेन के परखच्चे उड़ गए। इस एयरपोर्ट से रोज 4 से 6 उड़ानें होती हैं, जिसमें ट्रेनी पायलट प्रशिक्षण लेते हैं। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन की कीमत 30-40 करोड़ रुपए के बीच है।

## पेज एक का शेष...

### हिंदुस्तान को नहीं चाहिए....

नहीं है जिनके कहने और करने में फर्क हो। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप को वास्तविकता का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आज उसे मल्टीपोलरिटी की वास्तविकताओं का सामना करना पड़ रहा है। आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि जब हम दुनिया को देखते हैं, तो हम भागीदारों की तलाश करते हैं, उपदेशकों की नहीं। खासकर ऐसे उपदेशकों (ज्ञान देने वाले) की जो अपने देश में वही नहीं करते जो वे विदेश में करते हैं। यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है।

जयशंकर ने आगे कहा कि यूरोप वास्तविकता की जांच के एक निश्चित क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। वे आगे बढ़ पाते हैं या नहीं, यह हमें देखना होगा। अगर हमें साझेदारी विकसित करनी है, तो कुछ समझ, संवेदनशीलता, हितों की पारस्परिकता और दुनिया कैसे काम करती है, इसका एहसास होना चाहिए।

### ग्लोबल राजनीति में...

कुछ वर्ष पहले आर्कटिक नीति लेकर आए हैं। स्वालबार्ड पर केएसएटी के साथ हमारे समझौते हैं, जो हमारे अंतरिक्ष के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक विभाजन को तेज करने से आर्कटिक की वैश्विक प्रासंगिकता और बढ़ गई है। जयशंकर ने कहा कि आर्कटिक के प्रक्षेपवक्र को देखते हुए, इसका प्रभाव वैश्विक होगा, जिससे यह सभी के लिए चिंता का विषय बन जाएगा। वार्मिंग नए रास्ते खोल रही है, जबकि तकनीकी और संसाधन वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देने के लिए तैयार हैं। भारत के लिए, यह बहुत मायने रखता है क्योंकि हमारी आर्थिक वृद्धि तेज हो रही है।

### वैदिक मंत्रोच्चार....

पूजन शुरू हुआ और उसके आधे घंटे बाद बद्रीनाथ के कपाट खोल दिए गए। श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

### पुष्कर सिंह धामी ....

लोगों और श्रद्धालुओं से बातचीत की। यहां भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स के एक बैंड द्वारा भक्ति धुनें बजाई। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ मंदिर को 40 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु ने कपाट खुलने एवं अखंड ज्योति दर्शन के साक्षी रहे। वहीं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही बताया कि अब तक 25 लाख श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

### कसा और शिकंजा...

जाएंगी। इधर, भारत की तीनों सेनाओं के अलावा रेलवे भी अपनी तैयारी कर रहा है।

रेलवे हर छह मिनट के अंतराल पर सैन्य साजो सामान से लदी ट्रेन चलाने में सक्षम है। आपात स्थिति में यात्री ट्रेनों की टाइमिंग को री-शेड्यूल या रद्द करने का ब्लू प्रिंट तैयार है। रेलवे के एक अफसर का कहना है कि पाकिस्तान की सीमा से लगे ज्यादातर रेलवे रूट पर परिचालन उत्तर रेलवे करता है। उत्तर रेलवे के तहत पड़ने वाली करीब 9 जगहों से सैन्य साजो सामान और युद्ध सामग्री को लोड-अनलोड कर सकते हैं।

इधर, भारत की तीनों सेनाओं तैयारियों के बीच रविवार की सुबह एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हे स्थितियों से अवगत कराया। पीएम आवास पर हुई इस मुलाकात को लेकर बताया जा रहा है कि भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर चर्चा हुई और करीब 40 मिनट तक बैठक चली।

उधर असम में पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। असम पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि भारत की धरती पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले गद्दारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। अब तक पाकिस्तान का समर्थन करने वाले 39 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं हैं जो मान जाएंगे, मै तो इंग्लैड भाग जाऊंगा: पाक सांसद,**

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तानी सांसद शेर अफजल खान मारवात का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो रहा है। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो वह क्या करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि अगर युद्ध छिड़ा तो मैं इंग्लैंड भाग जाऊंगा। उनके बयान पर यूजर तंस कसते हुए कह रहे हैं कि जब सांसद ही भागने की सोच रहे हैं, तो सैनिकों का मनोबल कैसे ऊंचा होगा? वायरल वीडियो के एक दूसरे भाग में जब पत्रकार ने मारवात से पूछा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कैसे संयम बरतना चाहिए। इस पर उन्होंने कहा कि मोदी मेरे खाला के बेटे हैं जो मेरे कहने से पीछे हट जाएंगे। मारवात कभी इमरान खान की पार्टी पीटीआई के महत्वपूर्ण सदस्य हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ उन्होंने पार्टी की आलोचना शुरू कर दी। उनके इन बयानों के कारण इमरान खान ने उन्हें पार्टी के पदों से हटा दिया। यह घटनाक्रम इस बात की भी बानगी है कि पाकिस्तानी राजनीति में आंतरिक अस्थिरता और दिशाहीनता किस हद तक मौजूद है।

**हाल-ए-पाकिस्तान:**

1- डर के कारण पाकिस्तान के कई बड़े नेता विदेश भागने की फिराक में
2- गोला-बारूद यूक्रेन को दे दिया, अब दूसरे देशों से मांग रहा खैरात
3-पाक के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को बुलाया संसद सत्र
4- कायरों की तरह एलओसी पर रोज कर रहा फायरिंग, मुंह की भी खा रहा
5- राशन को लेकर मारा-मारी, टूट रही भीड़, फैल रही अव्यवस्था

### 50 किमी की ऊंचाई से....

में काम करती है। यह तकनीक सैटेलाइट और ड्रोन दोनों के बीच की कड़ी के रूप में काम करती है। इसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे, रडार, कम्यूनिकेशन ट्रांसमीटर्स और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम लगे होते हैं। जो ऊपर से निगरानी करते

### इमरान और बिलावल...

देखते हुए की गई है। इमरान अभी जेल में बंद हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के फेमस सेलेब्रिटीज फवाद खान, आतिफ असलम, सनम तेरी कसम फेम मावरा होकेन और मशहूर सूफी गायिका आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। इससे पहले माहिरा खान, हानिया आमिर, सनम सईद, अली जफर सहित 13 फिल्मी हस्तियों के अकाउंट बंद किए गए थे।

### देश जैसा चाहता है...

देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि हमारी सीमा की रक्षा हो। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मन को उसी भाषा में जवाब देंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा. उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को मिटा नहीं सकती है, भारत अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति केवल उसकी सैन्य ताकत में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और अध्यात्म में भी है। इतिहास साक्षी है कि भारत के संतों ने केवल आध्यात्मिक उपदेश ही नहीं दिए, बल्कि समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

### पंजाब में सेना ने....

ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस अवधि के दौरान उनके घरों के बाहर कोई इन्वर्टर या जनरेटर लाइट दिखाई न दे। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार लाइटें पूरी तरह बंद कर दी गईं। अगर कोई वाहन लाइट जला हुआ मिला तो उसे बंद कर दिया गया। पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। सभी चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सेना का वाहन 700....

पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था।

### बहुत दुर्भाग्यपूर्ण....

रहे हैं। जब हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया, तो हमें वहां एक नटबोल्ट मिला, जो शायद स्टीयरिंग व्हील से आया होगा। इसलिए, मुझे लगता है कि चालक ने उस नटबोल्ट के कारण स्टीयरिंग व्हील पर नियंत्रण खो दिया। यह प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण लगता है। हालांकि, जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट होंगी।

### सुरक्षा के बीच...

विक्रम सिंह ने बताया कि नीट की परीक्षा के लिए 35 सेंटर बनाए गए थे। इसमें 14 हजार स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए। सभी सेंटरों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने पुलिस की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में सिर्फ एडमिट कार्ड, आइडेंटी कार्ड और पानी की बॉटल ले जाने की अनुमति दी गई। परीक्षार्थियों के बैग भी परीक्षा केंद्र से 100 मीटर दूर रखवा दिए। गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई थी।

**40 लाख में पेपर की डील, तीन गिरफ्तार :** नीट यूजी एग्जाम में ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक नीट उम्मीदवार से 40 लाख रुपए की ठगी करने की कोशिश की। इन लोगों ने छात्र को परीक्षा का पेपर देने के नाम पर लाखों की ठगी का प्लान बनाया था।

पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों की पहचान बलवान (27), मुकेश मीणा (40), और हरदास (38) के रूप में हुई है। इन्होंने एक नीट उम्मीदवार और उसके परिवार को झांसा दिया कि उनके पास नीट-यूजी परीक्षा का पेपर है। परिवार ने पेपर दिखाने को कहा, लेकिन जब इन्होंने मना कर दिया, तो परिवार ने एसओजी को सूचना दी। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### चलती एंबुलेंस...

प्राइवेट एंबुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर पहले तो आरोपी चालक ने उन्हें उसी एंबुलेंस में बैठाकर शामगढ़ की ओर रवाना किया, लेकिन डिंपल चौराहे के पास पट्टी की दुकान के सामने लहूलुहान हालत में फेंक कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान एंबुलेंस का साइड फाटक टूटकर घटनास्थल पर गिर गया, जो अब भी मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोगों ने घायल को तड़पता देख तत्काल दूसरी एंबुलेंस को बुलाया और सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद नारायणसिंह को मंदसौर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**एंबुलेंस जब्त, चालक फरार:** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एंबुलेंस से व्यक्ति को सड़क पर फेंका गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी एंबुलेंस को तन्वी होटल के पास से जब्त कर लिया है, जबकि उसका चालक फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### दो कारों की ....

में वाधवानी परिवार भोपाल से छतरपुर जा रहा था। इसमें अमर वाधवानी, उनकी पत्नी रितु और बेटा मयूर सवार थे। वहीं, ओमनी में अहिरवार परिवार छतरपुर से बंडा जा रहा था। इसमें गजेंद्र अहिरवार, उनकी पत्नी आरती और दो साल का बेटा यश थे। हादसे में यश, उसके पिता गजेंद्र अहिरवार और अमर वाधवानी की मौत हुई है। वहीं, आरती और रितु ग्वालियर जबकि मयूर का छतरपुर में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही एंबुलेंस और मेडिकल टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। सभी को अस्पताल लाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

### भोपाल सहित छह जिलों ...

4.1 डिग्री कम है। इंदौर में 4.6 डिग्री गिरकर 36.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। भोपाल के साथ देवास, खंडवा छिंदवाड़ा हरदा में आंधी- बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, दो दर्जन से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का असर रहा। सिवनी, हरदा में ओले के साथ 50 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। श्योपुरकलां, शाजापुर, आगर, सीहोर, दक्षिणी भोपाल, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, दमोह, धार, गुना, अशोकनगर, देवास, मंदसौर, बैतूल, बड़वानी, अलीराजपुर, खरगोन, बुरहानपुर, उज्जैन, पांढुर्ना, मंडला, डिंडोरी और सिंगरौली में भी बिजली के साथ तेज हवाओं और बौछारों का दौर चला। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी 3 साइक्लोनिक सकुर्लेशन के अलावा दो ट्रफ लाइन भी बनी हुई हैं। इससे मौसम बदला हुआ है। अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम में बदलाव जारी रहेगा।

### आज यहां ओले ...

*बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में आंधी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** – मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** – शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5857



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5856 का हल



## सूडोकु नवताल - 5867

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5866 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला ने लांच किया स्मार्ट फोन एज 60 प्रो

**नई दिल्ली।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपनी एज 60 सीरीज़ में एक नया स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 प्रो लांच किया है। यह फोन बेहतरीन फीचर्स से लैस है—जैसे सेगमेंट का इकलौता 50एमपी + 50एमपी+ 50एक्स (टेलीफोटो) एआई कैमरा सिस्टम, एक खास एआई की, और सबसे पर्सनल और स्मार्ट ऑन-डिवाइस एआई अनुभव। मोटोरोला एज 60 प्रो की कीमत सिर्फ 29,999 रुपए से शुरू होती है।

### होम क्रेडिट ने शुरू किया ग्रीष्मकालीन ब्रैंड अभियान

**गुरुग्राम।** होम क्रेडिट इंडिया ने अपना नवीनतम ब्रैंड अभियान 'अपग्रेड करें लाइफ़ के सीन्स' लांच किया है। यह अभियान घरेलू उपकरणों के लिए ब्रैंड के किफायती, तेज, तकनीक-सक्षम और लचीले वित्तीय समाधानों की आसानी और सुविधा के बारे में बताता है। नया अभियान यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स और लिंक्डइन सहित डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म पर लाइव है।

### प्रवेग ने रिसॉर्ट की कमान इंडियन होटल्स को सौंपी

**मुंबई।** प्रवेग लिमिटेड ने प्रमुख रिसॉर्ट 'प्रवेग एटोल्स', प्रवेग आइलैंड, लक्षद्वीप की संचालन जिम्मेदारी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड को औपचारिक रूप से सौंप दी है। यह हस्तांतरण दोनों कंपनियों के बीच घोषित होटल प्रबंधन समझौते के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस हस्तांतरण के साथ, आईएचसीएल ने अपने प्रतिष्ठित सेलेक्शन्स ब्रांड के तहत बंगाराम आइलैंड रिसॉर्ट की पूरी कमान संभाल ली है।

### भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा

**मुंबई।** क्रिएटिव एवं टेक दूरदृष्टा, वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के लांच के लिए मुंबई में एकजुट हुए हैं। देश के ग्लोबल एंटरटेनमेंट परिवेश में नए अध्याय की शुरूआत करते हुए इंटरैक्टिव एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म विंजो ने इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट एंड इनोवेशन काउंसिल (आईईआईसी) के साथ मिलकर भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा की।

### डीसीबी बैंक का तिमाही में शुद्ध लाभ 177 करोड़ रहा

**मुंबई।** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया। डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ प्रवीण कुट्टी ने कहा कि डीसीबी बैंक का शुद्ध लाभ 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 177 करोड़ रहा। यह 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में यह 156 करोड़ था।

### हिलफिगर ने किया भारत के फैशन हब का दौरा

**मुंबई।** पीवीएच कॉर्प. के हिस्से टॉमी हिलफिगर ने घोषणा की है कि फाउंडर टॉमी हिलफिगर ने भारत के फैशन हब मुंबई का दौरा किया। यह दिन फैशन, सांस्कृतिक संवाद और नए जुड़ाव से भरपूर रहा, जिसने भारत में इस प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत किया। दिन की शुरुआत जियो वर्ल्ड ड्राइव, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित टॉमी हिलफिगर स्टोर के दौरे से हुई। यहां हिलफिगर ने एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया।

### एजेस फेडरल ने की प्रोग्रो प्लान की शुरुआत

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने प्रोग्रो प्लान को लांच किया है, जो यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान सेगमेंट में कंपनी की बिल्कुल नई और इनोवेटिव पेशकश है। प्रोग्रो प्लान को ऐसे लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो अपने आर्थिक भविष्य को सुरक्षित रखते हुए लंबे समय में अपनी पूंजी बढ़ाना चाहते हैं। इस प्लान में तेजी से बदलते बाज़ार से जुड़ी विकास की संभावनाओं और जीवन बीमा की दमदार सुरक्षा का दोहरा फायदा मिलता है। प्रोग्रो प्लान में ग्राहकों की सहूलियत में उनकी पूंजी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# घोटालेबाजों की पोल खोलेंगे सेबी और आईसीएआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में वृद्धि**

भारत में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। देश की दो बड़ी संस्थाएं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) अब देश की अर्थव्यवस्था को खोखला बनाने वाले घोटालेबाजों की पोल खोलेंगे।

इसके लिए ये दोनों संस्थाएं सेबी और आईसीएआई मिलकर काम करेंगी। इस नई पहल के तहत आईसीएआई अब सेबी को तकनीकी और अनुसंधान सहयोग प्रदान करेगा, ताकि वित्तीय अनियमितताओं को पहचानने और रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। आईसीएआई अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहाकि इस दिशा में पहले ही एक हाई लेवल मीटिंग हो चुकी है, जिसमें सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय भी मौजूद थे। बैठक में निवेशकों के हितों की सुरक्षा, वित्तीय पारदर्शिता और अनियमितताओं पर सख्ती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस सहयोग के तहत आईसीएआई एक विशेष कार्य समूह (स्पेशल टास्क फोर्स) का गठन करेगा, जो धोखाधड़ी के पैटर्न पर शोध पत्र तैयार करेगा। यह रिपोर्ट सेबी की जांचों में अहम भूमिका निभाएगी।

### खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी

*हाल के वर्षों में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। महामारी के बाद लाखों नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े हैं, लेकिन इसके साथ ही धोखाधड़ी, शेयरों की कीमतों में हेरफेर और गलत तरीके से मुनाफा कमाने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। यह स्थिति ना केवल आम निवेशकों के लिए खतरा है, बल्कि बाजार की साख और स्थिरता के लिए भी चुनौतीपूर्ण है।*

## ई-फाइलिंग अनिवार्य, हाइब्रिड सुनवाई का प्रावधान

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

अपवाद वाले मामलों में अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर 12 बजे के बाद, लेकिन अपराह्न 3 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी।

वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। पिछले वर्ष मई में सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया था। मिश्रा झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे और उनका चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने किया था। जीएसटीएटी केंद्रीय वस्तु व सेवा कर अधिनियम,2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। यह प्रथम अपीलीय प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य, संघ राज्य क्षेत्र जीएसटी अधिनियमों के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है।

## बैंक के उत्पादों व सेवाओं का प्रचार प्रसार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे

# यूनियन बैंक ने क्षेत्रीय पहुंच बढ़ाने के लिए 15 सौ स्थानीय बैंक अधिकारियों की भर्ती की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने तथा स्थानीय समुदायों के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने की प्रतिबद्धता के तहत, विभिन्न राज्यों में 1,500 स्थानीय बैंक अधिकारियों को सफलतापूर्वक भर्ती कर लिया है। बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए अधिकारियों की क्षेत्रीय भाषाओं में लाभ उठाना इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य है। नए भर्ती किए गए स्थानीय बैंक अधिकारी ग्राहक संबंधों को मजबूत करने, प्रभावी ढंग से शाखा चलाने तथा स्थानीय भाषाओं व संस्कृतियों की गहरी जानकारी का उपयोग करके, बैंक के उत्पादों व सेवाओं का प्रचार-प्रसार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

उम्मीद है कि इन स्थानीय अधिकारियों की मौजूदगी से बातचीत में आने वाली अड़चनें दूर हो जाएंगी, जिससे ग्राहकों को व्यक्तिगत बैंकिंग का ज्यादा सहज और सुखद अनुभव प्रदान करने में सुविधा होगी। अपनी भूमिकाएं निभाते हुए स्थानीय बैंक अधिकारी बैंकिंग के लेनदेन और खाता प्रबंधन में ग्राहकों की मदद करेंगे तथा खुद को सौंपी गई परिचालन की विभिन्न जिम्मेदारियां पूरी करने के अलावा, वित्तीय निर्णय लेने में ग्राहकों का मार्गदर्शन करेंगे। स्थानीय बैंक अधिकारियों की यह भर्ती, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने तथा गहरे स्थानीय जुड़ाव के माध्यम से, कारोबार बढ़ाने का एक अहम कदम है।

### सेंट्रल बैंक को तिमाही में 1,034 करोड़ रुपए का लाभ

*सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में 28 फीसदी की वृद्धि के साथ 1,034 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह लाभ 807 करोड़ था। बैंक ने सोमवार को चौथी तिमाही के नतीजों की जानकारी शेयर बाजार को दी। मुनाफे में यह बढ़ोतरी फंसे कर्जों में आई उल्लेखनीय कमी के कारण संभव हुई है। मार्च 2025 के अंत तक बैंक का सकल एनपीए घटकर 3.18 फीसदी हो गया, जो एक साल पहले 4.5 फीसदी था। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.55 फीसदी रह गया, जो पिछली वर्ष की समान अवधि में 1.23 फीसदी था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक ने 3,785 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो वर्ष 2023-24 के 2,549 करोड़ की तुलना में 78 फीसदी अधिक है। इस दौरान कुल आय भी बढ़कर 39,521 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 35,434 करोड़ थी।*

### एसबीआई का मुनाफा 10 फीसदी घटा, फिर भी शेयरहोल्डर्स को मिलेगा डिविडेंड




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 18,643 करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका मुनाफा 20,698 करोड़ रुपए रहा था। एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,43,876 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,28,412 करोड़ रुपए थी। आलोच्य तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज से आय 1,19,666 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले यह 1,11,043 करोड़ रुपए थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) चौथी तिमाही में घटकर कुल कर्ज का 1.82 प्रतिशत रह गईं, जो मार्च-अंत 2024 तक 2.24 प्रतिशत थीं। इसी तरह, शुद्ध एनपीए 0.57 प्रतिशत से घटकर मार्च तिमाही में 0.47 प्रतिशत हो गया। एकीकृत आधार पर, मार्च तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 19,600 करोड़ रुपए रह गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 21,384 करोड़ रुपए था। एसबीआई की कुल आमदनी मार्च तिमाही में 1,64,914 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,79,562 करोड़ रुपए हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, बैंक का एकल आधार पर मुनाफा 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 70,901 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 61,077 करोड़ रुपए था। बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 15.90 रुपए का लाभांश घोषित किया है।

# पंजाब नेशनल बैंक ने किया 'पीएनबी वन बिज बैंकिंग एप' को अपग्रेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने पीएनबी वन बिज मोबाइल बैंकिंग एप में महत्वपूर्ण अपग्रेड की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य कारोबारी ग्राहकों को स्मार्ट, तीव्र तथा अधिक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करना है। इन नए संवर्धन में अब कई प्रभावशाली मॉड्यूल सम्मिलित हैं जो बैंकिंग को सरल बनाने और उद्यमों तथा उद्यमियों के लिए डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने की पीएनबी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उद्यमियों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह मोबाइल-फर्स्ट बैंकिंग समाधान कारोबार संचालन को सुव्यवस्थित करता है, जो एमएसएमई को सुविधानुसार कुशल एवं सफल बने रहने में सक्षम बनाता है। चाहे भुगतानों को ट्रैक करना हो या लेन-देन का अनुमोदन हो, पीएनबी वन बिज कारोबार बैंकिंग को सरल और अधिक सुलभ बनाता है।

### रिटेल ऋण कैंपेन 'पीएनबी निर्माण 2025' 20 जून तक चलेगा

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 20 जून 2025 तक अपने विशेष संस्करण रिटेल ऋण कैंपेन पीएनबी निर्माण 2025 की घोषणा की है। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहाकि इस पहल के अंतर्गत पीएनबी गृह और कार ऋणों के लिए जीरो प्रोसेसिंग और डाक्यूमेंटेशन शुल्क जैसे विशेष लाभ प्रदान कर रहा है, साथ ही एक निर्दिष्ट राशि से अधिक के गृह ऋण अधिग्रहण के लिए निःशुल्क एनईसी, कानूनी और मूल्यांकन भी दे रहा है।

# सरकार गुड़ और खांडसारी इकाइयों पर करेगी सख्ती



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बड़ी गुड़ और खाड़सारी इकाइयों और बेलगाम चीनी मिलों की लगाम कसने के लिए 1966 के चीनी नियंत्रण आदेश में संशोधन अधिसूचित करने का फैसला किया है।

इसमें संशोधन कर केंद्र सरकार 500 टन पेराई प्रतिदिन (टीसीडी) करने वाली 66 बड़ी गुड़ और खांडसारी इकाइयों को चीनी नियंत्रण आदेश के दायरे में लाएगा। इनमें से ज्यादातर इकाइयां उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हैं। इस संशोधन की बदौलत गन्ना किसानों को उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो पाएगा और इससे चीनी उत्पादन का सही अनुमान लगाने में भी मदद मिलेगी। भारत की सालाना करीब 31 प्रतिशत गन्ना उत्पादन की खपत गुड़ और खांडसारी इकाइयों में होती है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि इस संशोधन का उद्देश्य चीनी क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियामकीय ढांचे को वर्तमान उद्योग की गतिशीलता और प्रौद्योगिकी में आए बदलाव के अनुरूप सरल और कारगर बनाना है। सचिव ने बताया कि इन्हें शामिल करने से गन्ना किसानों को खांडसारी इकाइयों से उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) हासिल हो पाएगा और इसके अलावा चीनी उत्पादन का बेहतर अनुमान हासिल होगा।

### दो माह में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत करना होगा

*खाद्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव अश्वनी श्रीवास्तव ने बताया कि देश में 373 खांडसारी इकाइयों की कुल क्षमता करीब 95,000 टन पेराई प्रतिदिन है। इनमें से 66 इकाइयों की क्षमता 500 टीसीडी से अधिक है। इन इकाइयों को इस आदेश के तहत विनियमित किया जाएगा। इन इकाइयों को नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इन इकाइयों को दो माह में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत करना होगा। इस आदेश में विभिन्न उप उत्पादों में गन्ने की खोई, गुड़, गुड़ की ढेली और ऐथनॉल शामिल हैं।*

### अभी तक 30 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया

*भारत की चीनी मिलें 2025-26 के सत्र में कम मांग के कारण आवंटित 10 लाख टन की जगह 8 लाख टन चीनी का निर्यात ही कर सकती हैं। इसमें से शेष 2 लाख टन चीनी की खपत देश में हो जाएगी। अभी तक 30 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है।*

# डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा को लेकर संसदीय समिति सख्त, सीसीआई और एमसीए से मांगी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति ने डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा से जुड़े कई पहलुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी है। समिति ने यह जानकारी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से मांगी है। यह समिति 'भारत की अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा आयोग की बदलती भूमिका, खासकर डिजिटल क्षेत्र में' विषय पर विचार कर रही है। समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता भर्तृहरि महताब कर रहे हैं। समिति की बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। सूत्रों के अनुसार, समिति ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक 2024 से जुड़े कई पहलुओं पर जानकारी मांगी है। यह विधेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कुछ जिम्मेदारियां तय करता है ताकि डिजिटल क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके और एकाधिकार को रोका जा सके। इसके अलावा, समिति ने यह भी पूछा है कि क्या भारत-अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं का इस विधेयक पर कोई प्रभाव पड़ रहा है।

### सीसीआई में विशेषज्ञ और स्टाफ नियुक्ति की योजना बताएं

डिजिटल क्षेत्र में निगरानी और कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए सीसीआई में विशेषज्ञ और पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की योजना के बारे में भी समिति ने जानकारी मांगी है। सूत्रों ने बताया कि समिति ने सीसीआई को मिलने वाले फंड, कर्मचारियों की संख्या और खाली पदों के बारे में भी जानकारी मांगी है। वहीं इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) समेत कुछ संस्थाओं ने इस विधेयक की कुछ धाराओं पर चिंता जताई है। मंत्रालय फिलहाल सभी हितधारकों से मिले सुझावों पर विचार कर रहा है। वहीं अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि डिजिटल प्रतिस्पर्धा के नियमों में क्या बदलाव आते हैं।

# इंफोसिस के सह-संस्थापक के खिलाफ एफआईआर खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

कोर्ट ने शिकायत को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास है।

यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व संकाय सदस्य डी.सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद बर्खास्तगी को इस्तीफे में बदल दिया गया था। दुर्गाप्पा ने संस्था और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतें वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान एफआईआर में भी इसी तरह के आरोप हैं और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

## बिजनेस न्यूज

### मोशन एजुकेशन ने किया 80 शहरों में मेगा मॉक टेस्ट आयोजित



**मुंबई।** मोशन एजुकेशन ने बीते दिन देशभर के 80 शहरों में एक साथ मेगा मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में करीब 8000 नीट अभ्यर्थियों ने भाग लिया। मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय स्वयं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बतायाकि यह मॉक टेस्ट हमारे अनुभवी फैकल्टी द्वारा नीट यूजी 2025 के नए पैटर्न और संभावित कठिनाई स्तर को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मोशन एजुकेशन में जॉइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन हेड अमित वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाकि अब नए टॉपिक शुरू करने के बजाय मॉक टेस्ट को समय सीमा में हल करने का अभ्यास करें। तीन घंटे में 180 प्रश्न हल करने की आदत डालें और हर टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करें। कोटा की एक छात्रा शुभ्रा सिंह ने कहाकि यह टेस्ट बिल्कुल असली नीट परीक्षा जैसा माहौल लेकर आया।

### बिल्डिंग नेक्स्ट जेनरेशन लीडर्स इन हायर एजुकेशन समिट आयोजित

**भोपाल।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी के क्वालिटी इंश्योरेंस सेल की मेजबानी में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन प्राइवेट यूनिवर्सिटीज (सीआईपीयू) द्वारा आयोजित भारत हायर एजुकेशन समिट (बीएचईएस) 2025 के दौरान उद्योगपतियों ने यह बात रेखांकित की है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को एक अनुसंधान आधारित एवं अंतरक्षेत्रीय अकादमिक वातावरण का निर्माण कर विश्व में सर्वोत्तम होने का लक्ष्य रखना होगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉक्टर) टीजी सीताराम ने कहाकि तेजी से प्रौद्योगिकी के आगे बढने और वैश्विक रुख में बदलाव के साथ हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों पर दूरदर्शी नेता तैयार करने की जिम्मेदारी है। बिल्डिंग नेक्स्ट जेनरेशन लीडर्स इन हायर एजुकेशन थीम पर आयोजित इस समिट में पूरे देश से 150 से अधिक कुलपति और अकादमिक नेता शामिल हुए। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति (चांसलर) आनंद महिंद्रा ने कहाकि भारत हायर एजुकेशन समिट 2025 हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को आकार देने की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक मील का पत्थर है।

### गोदरेज ने किया एफएमसीजी उद्योग में बदलाव का समर्थन

**मुंबई ।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के ऊर्जा समाधान व्यवसाय ने असम के गुवाहाटी में एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी की सुविधा के लिए 2 मेगावाट पीक सौर ऊर्जा परियोजना का अनुबंध हासिल किया है। यह परियोजना भारत के ऊर्जा आत्मनिर्भरता और सतत औद्योगिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, और नवीन, अनुकूलित नवीकरणीय समाधानों के माध्यम से भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने की गोदरेज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गोदरेज की एफएमसीजी क्षेत्र में पहली बड़ी सौर ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) परियोजना है, जो प्रति वर्ष लगभग 98.4 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और जो विभिन्न उद्योगों में अनुकूलित अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदान करने में गोदरेज की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करती है। यह सौर संयंत्र कम से कम 25 वर्षों तक संचालित होगा और अपने जीवनकाल में कुल 57,000 मेगावाट-प्रतिघंटा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करेगा।

### अर्बन कंपनी ने 1900 करोड़ जुटाने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाजार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1900 करोड़ (19000 मिलियन) रुपए जुटाना है, जिसमें 1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। इस ऑफर में 4290 मिलियन (429 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 14710 मिलियन (1471 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है।

### रेमेडियम ने की राइट्स इश्यू के लांच की घोषणा

**मुंबई।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लांच की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल 2025 को खुला और 14 मई 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ 182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहाकि यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह निवेशकों को निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्ताव की सदस्यता लेने और आकर्षक कीमत पर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है।

E-mail id-mobhopal@gmail.com

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक / 1217/ खनिज / 2025 — भोपाल, दिनांक-2/5/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि वैजंती अहिरवार पत्नी श्री अभय अहीरवार निवासी 272/7 ईश्वर नगर, मुरूम का उत्खनिपटटा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 02.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 05.06.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | करदई | 244, 245 | 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2 यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4 यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

जी - 12364/25

स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# आतंकवाद के प्रायोजकों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद से आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ भारत की ओर से कड़े एक्शन जारी हैं। इस कड़ी में सरकार ने बगलिहार बांध के जरिये चिनाब नदी का पानी रोक दिया है, इससे चिनाब में पाकिस्तान की ओर बहाव कम हो गया है। इससे पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा। सरकार झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी सिस्टम है। इसकी मदद से पाकिस्तान 93 फीसदी पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है। 80 फीसदी कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। लाखों लोगों की रोजी-रोटी, शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, जो जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल है। पहलगाम हमले में जिन आतंकियों के स्कैच जारी हुए, उनमें से दो पाकिस्तानी बताए गए। बेशक पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में अपना हाथ नहीं होने की बात कही है, लेकिन हर सबूत पाकिस्तान की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। पाक फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की करतूतों के बारे में पाकिस्तान की सरकार को भी पता है। पाक एस्टाब्लिशमेंट पाकिस्तान की सरकार से जुदा 'सुपर सरकार' है। भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ आतंक के साजिशकर्ताओं के खिलाफ भी एक्शन ले रहा है। अब तक सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया है, पाकिस्तानियों के वीजा को रद किया है, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की है, घाटी में आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए हैं, सार्क वीजा सुविधा समाप्त कर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए समय सीमा तय कर दी। पाक से आयात पर रोक लगा दी गई। 14 पाक यूट्यूब चैनल बंद कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी गई, पाक पीएम, कई क्रिकेटर, सिनेमा कलाकारों के यूट्यूब चैनल व इंस्टा अकाउंट व एक्स हैंडल बंद कर दिए गए। भारत ने अपना बंदरगाह पाक जहाजों के लिए बंद कर दिया। हवाई क्षेत्र का प्रयोग बंद कर दिया गया। आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज देने की समीक्षा करने के लिए कहा गया। पाकिस्तान को एफएटीएफ एक बार फिर ब्लैक सूची में डाल सकता है। ये सभी एक्शन छोटे जरूर लग रहे हैं, लेकिन इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इससे खस्ताहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। यह पाकिस्तान सरकार को पता है। इसलिए भारत के अब तक एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बार बार परमाणु धमकी की चेतावनी दे रहा है, तो एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारत लगातार करारा जवाब भी दे रहा है। विश्व जनमत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने बार बार देश को आश्वस्त किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष सरकार के साथ है। सरकार आतंकवाद को खाद-पानी देने वालों पर वार दर वार कर रही है, लेकिन आतंकवाद के सफाए के लिए उसके स्पॉन्सरों (प्रायोजकों) पर वज्र प्रहार जरूरी है।

# पाक को कश्मीरी जनाक्रोश से दें जवाब



पहलगाम हमला
राज कुमार सिंह

पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में अब विलंब नहीं होना चाहिए।

भले ही पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए नरेंद्र मोदी सरकार को विपक्ष के समर्थन के बीच अब परस्पर आरोप-प्रत्यारोप की दलगत राजनीति शुरू हो गयी हो, लेकिन कश्मीर ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दे दिया है कि उसे आतंकवाद नहीं चाहिए। इस जवाब की गूंज सीमा पार के षड्यंत्रकारियों समेत पूरी दुनिया ने सुनी होगी। पहलगाम आतंकी हमले पर सीमावर्ती संवेदनशील जम्मू-कश्मीर में मुखर हुए इस समर्थन को हमें पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण हथियार बनाना चाहिए। पहलगाम में 26 पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछ कर बर्बर हत्या पर जवाबी कार्रवाई तय है। बस उसके समय, स्थान और तरीके पर फैसला होना है।

प्रधानमंत्री सेना को उसकी रणनीति के मुताबिक कार्रवाई की खुली छूट दे चुके हैं। बेशक धूर्त चीन की पाकपरस्त चालें चिंता बढ़ा रही हैं, पर उच्च स्तरीय बैठकों का सिलसिला बताता है कि जवाबी कार्रवाई अब दूर नहीं है, लेकिन उससे पहले ही पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। बैसरन घाटी में पर्यटकों को धार्मिक पहचान पूछ कर मारने के पीछे पाकपरस्त आतंकियों की साजिश भारत में सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की भी थी, लेकिन न सिर्फ वहां कश्मीरी मुस्लिम ही हिंदू पर्यटकों के बचाव के लिए आगे आये, बल्कि कश्मीरी छात्रों से दुर्व्यवहार की छिटपुट दुखद घटनाओं के अलावा शेष देश ने भी बेहद संयमित और परिपक्व व्यवहार का परिचय दिया। शायद ही किसी ने यह अपेक्षा की होगी कि आतंकी हमले की निंदा करते हुए कश्मीर की मस्जिदों से मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ। अकसर अलगाववादियों और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति जताने वाले ऑल पार्टी हुर्रियत कान्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने भी पहलगाम हमले की निंदा की और मृतकों के परिजनों के प्रति संवदेना जतायी तो पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी कहा कि इस हमले पर कश्मीरी शर्मिंदा हैं।

जाहिर है, यह कश्मीर के जन मानस में आ रहे बदलाव का ही परिणाम रहा। यह अलग बात है कि आतंकियों को स्थानीय मदद के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी पर अब सत्तारूढ़ नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी में आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो गया है। दरअसल दशकों से सीमा पार प्रायोजित आतंक का दंश झेल रहे कश्मीर में पहली बार आतंक का ऐसा मुखर विरोध दिखा कि कश्मीरियों ने बाकायदा कैंडल मार्च निकाले। पहली बार ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए दो टूक शब्दों में संदेश दिया गया कि कश्मीर और भारत एक ही हैं। कश्मीर के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए उसे भारत की आत्मा पर हमला करार दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का भावुक भाषण भी देश और दुनिया में चर्चा में है। हालांकि जम्मू-कश्मीर के नये शासकीय ढांचे में सुरक्षा व्यवस्था में निर्वाचित



राज्य सरकार की ज्यादा भूमिका नहीं है। दरअसल सुरक्षा संबंधी बैठकों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। फिर भी उन्होंने विधानसभा में कहा कि मेजबान के नाते पर्यटकों की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं, माफी के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। राजनेता अकसर आपदा में अवसर तलाशने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ऐसे मौके पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करने से इनकार करते हुए उमर ने कहा कि मेरी सियासत इतनी सस्ती नहीं है। बेशक अतीत के घटनाक्रम के मद्देनजर कश्मीर के ज्यादातर राजनेताओं की विश्वसनीयता संदेह और सवालों के घेरे में रही है, लेकिन पहलगाम के शोक और आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश में शेष देश के साथ शरीक हो कर उमर और कश्मीर ने नयी सुबह का संदेश दिया है। जिस कश्मीर के कुछ लोगों पर पाकिस्तान से मिलीभगत और आतंकवादियों से सहानुभूति के आरोप लगते रहे, चंद रुपये के लिए सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी के लिए युवा आगे आते रहे, उसी कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद तीन दिन तक बंद का माहौल रहा। बंद ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए भी रहा क्योंकि उसका आह्वान किसी राजनीतिक दल या संगठन ने नहीं किया था। बंद पूरी तरह स्वतःस्फूर्त था। उमर अब्दुल्ला ने कहा भी कि आतंक के विरुद्ध कश्मीरी खुद सड़कों पर उतरे हैं, इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं। एक और महत्वपूर्ण बात उमर ने यह कही कि बंदूक से आतंकवाद को कंट्रोल तो किया जा सकता है, खत्म नहीं किया जा सकता। खत्म तब होगा, जब लोग हमारे साथ होंगे, अब लोग वहां पहुंच रहे हैं।

दरअसल आम कश्मीरी भी पाकिस्तान और उसके पालतू आतंकवादियों से तंग आ गया है। उनकी करतूतों से पर्यटन समेत अर्थव्यवस्था और जनजीवन तो बर्बाद हो ही चुके हैं, धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर और कश्मीरियों की छवि भी खराब हुई है। पंजाब का अनुभव भी बताता है कि स्थानीय जन समर्थन और सहयोग के बिना अलगाववाद और आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। वह समर्थन और सहयोग तभी मिलता है, जब स्थानीय निवासी आतंकियों की हरकतों से तंग आकर मुखर होने लगते हैं और पुलिस-प्रशासन में उनका विश्वास बहाल होने लगता है। पंजाब में आतंकवाद 1990 तक बड़ी चुनौती बना हुआ था, लेकिन एक बार जब आतंकियों की करतूतों से तंग जनता मुखर हुई और पुलिस-प्रशासन से सहयोग करने लगी तो 1995 आते-आते आतंकवाद दम तोड़ गया। विदेशों में बैठे आतंकी और उनके आका जब-तब कुछ हरकत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन पंजाब में अब उनके लिए कोई जमीन नहीं बची। पंजाब से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने में तत्कालीन पुलिस-प्रशासन ने भी जनता का विश्वास हासिल करते हुए बड़ी भूमिका निभायी। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। अलगाववाद और आतंकवाद के विरुद्ध कश्मीर में जमीनी लड़ाई में वहां के युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा और कैरियर संभावनाएं चाहिए, पर जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित उमर अब्दुल्ला सरकार पर केंद्र सरकार के विश्वास के बिना वह संभव नहीं हो पायेगा। पंजाब में भी अलगाववाद और आतंकवाद का समूल नाश तभी हो पाया, जब केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर समन्वय के साथ हर मोर्चे पर कार्रवाई की। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में विलंब नहीं होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दो टूक
एस.एन वर्मा



# भगदड़ से हो रही मौतों का सिलसिला तो रुके

पिछले कुछ वर्षों में देश-विदेशों में भगदड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में भगदड़ की घटनाएं सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों पर हुई हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों कथा वाचकों व राजनेताओं के भाषण के दौरान भी मची भगदड़ के कारण होने वाली मौतों की खबरें भी सामने आती रहती हैं, जिसका दृश्य हृदय विदारक तथा दिल को झकझोर देने वाला होता है। जबकि विदेशों में म्यूजिक कंसर्ट, स्टेडियम और नाइट क्लबों में भगदड़ की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। पर्यटक स्थलों पर भीड़ और पर्यटकों के आगमन के प्रबंधन सहित पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है,वहीं निजी और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों और स्थानीय प्रशासन की होती है। लेकिन समुचित सुरक्षा व्यवस्था के न होने तथा भीड़ प्रबंधन तंत्र की नासमझी के कारण भगदड़ मचती रहती है। भारत में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ किसी विशेष पूजा या उत्सव के दौरान मचती है जब भीड़ अनियंत्रित हो जाती है,श्रद्धालु सीढ़ियों पर या पूजा स्थलों पर गिर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाबा के प्रवचन के दौरान तो आशीर्वाद लेने की होड़ में भीड़ अनियंत्रित हो गयी और इससे मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोागों की मृत्यु हो गयी थी। ताजा उदाहरण गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ है जिसमें करीब 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। पिछले महीनों ही कुंभ मेला तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ भी इसके खासे उदाहरण हैं। भगदड़ के अनेक उदाहरण हैं, सबका वर्णन करना यहां संभव नहीं है। भगदड़ का तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है, जिसमें किसी अवसर पर मनुष्य अनियंत्रित तरीके से एक ही दिशा में किसी डर अथवा भय के कारण तेजी से भागते हैं। भागने वालों का लक्ष्य उस स्थान से दूर जाना होता है, रास्ते की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है और न ही उन्हें इस बात का पता होता है कि उन्हें भागकर कहां तक पहुंचना है। इस अनियंत्रित भागदौड़ की स्थिति को ही भगदड़ कहा जाता है। किसी विशेष स्थान पर भीड़ क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है, तब ऐसी स्थिति पैदा होती हैं। भगदड़ के दौरान, भागते हुए लोग आपस में टकराते हैं और एक दूसरे के ऊपर गिर जाते हैं, जिसके कारण कई बार लोगों की दबने से मृत्यु तक हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश दुनिया में भगदड़ की जो भी बड़ी घटनाएं हुईं, उनमें करीब 79 फीसदी मामले धार्मिक आयोजन के दौरान हुए थे। ज्यादातर अफरा-तफरी अफवाहों की वजह से होती है। इसमें भीड़ जुटाने वाले लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत होती है। भगदड़ में सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं, बच्चे और वृद्ध लोग होते हैं। भगदड़ को रोका जा सकता है। अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें, जिनके द्वारा आयोजन कराया जा रहा है उन्हें अगर भीड़ कितनी आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा, इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हों तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। भीड़ के दबाव को लाइन में लगाकर कम किया जा सकता है। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम होना चाहिए और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन के उपाए होने चाहिए। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है। किसी प्रकार की अफवाह होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सही जानकारी मुहैया कराया जाना चाहिए। राजनेताओं , कथा वाचकों तथा तथाकथित धर्म गुरुओं के बड़े कार्यक्रम बड़े मैदानों में किया जाए तो फिर भगदड़ की संभावना कम हो जाती है। भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है और परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आज की युवतियों को मात्र सतही और बाहरी दिखावे में उलझा दिया

# लव जिहाद, आखिर दोषी कौन है?



डॉ. प्रमोद शंकर सोनी
होम्योपैथी, चिकित्सक

हाल ही में भोपाल में 'द केरला स्टोरी' फिल्म की कहानी को हूबहू रिपीट किया गया, सिर्फ लोकेशन बदली है, स्क्रिप्ट नहीं। दुर्भाग्य से यह कटु सत्य भी है कि इसमें हिंदू लड़कियों की भी बड़ी भूमिका है। आज की क्लब संस्कृति, बिंदासपन, तथाकथित 'स्वतंत्रता' और सोशल मीडिया पर लोकप्रियता की होड़ ने आज की युवतियों को मात्र सतही और बाहरी दिखावे में उलझा कर रख दिया है। सब कुछ जानने के बाद भी वह इस कुचक्र में फंसती चली जाती हैं। सच कहा जाए तो आज की ये आधुनिक बालाएं इतनी भी भोली नहीं की वे यह ना जाने कि सामने वाला कौन है, कहाँ से है, किस धर्म और मजहब का है? अगर आप गौर करेंगे तो पायेंगे कि इस तरह की घटनाएं पढ़ाई अथवा नौकरी के सिलसिले में अपने माता-पिता से दूर रहने वाली युवतियों के साथ ही ज्यादा घटित होती हैं। घर से बाहर दूर रहती कुछ युवतियां तो एक सुरक्षित साथी की तलाश में अथवा पैसों की जरूरत के चलते जाने अनजाने में इस कुचक्र में फंस जाती हैं तो कुछ को स्टेटस सिंबल दिखाने के लिए एक अदद बॉयफ्रेंड की जरूरत पड़ती है। और फिर यदि वह युवती थोड़ी सी भी आकर्षक या सुंदर हुई तो फिर क्या ही कहने। यहीं से शुरू हो जाता है महंगे गिफ्ट, बाइक-राइड, हुक्का बार, गांजा, शराब, थर्टी फर्स्ट पार्टीज़ का सिलसिला और अपने इस शौक को पूरा करने के लिए उन्हें जरूरत होती है पैसे की जिसकी जरूरत वे पूरी करती हैं अपने बॉयफ्रेंड' से जिसको वह कालांतर में एटीएम मशीन के रूप में उपयोग में लाती हैं। कभी संस्कार रूपी पर्दे की आढ़ में रहने वाली ये युवतियां आज 'कूल गर्ल', 'बिंदास बेबी' सेक्सी और 'पार्टी क्वीन' कहलाने में फख्र महसूस करती हैं। इंस्टाग्राम पर रील्स बनाते हुए, शॉर्ट्स पहनकर सिगरेट, हुक्के के छल्ले उड़ाते हुए उन्हें यह अहसास ही नहीं होता कि कोई फ़रहान नाम का शिकारी उनके ' सोशल ग्रुप और लाइक्स पर पूरी नजर रखे हुए होता है। इंस्टाग्राम और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर लड़कियाँ कम कपड़ों में, उटपटांग डांस स्टेप्स के साथ हज़ारों लाइक्स के लिए अपने शरीर का 'इस्तेमाल' करती हैं और परिणाम स्वरूप जल्द ही उनकी जिंदगी में एक हिंदू नाम व आधुनिक सोच रखने वाला आकर्षक व्यक्तित्व का युवा आ जाता है जिसे ये महंगे गिफ्ट्स, पैसे रिलेशनशिप स्टेटस' और इंस्टाग्राम लाइक्स के लिए स्वयं को सौंप देती हैं। वे भूल जाती हैं कि जिस शरीर को वो बेच रही हैं, वो एक दिन खुद उनका आत्मसम्मान निगल जाएगा। इसका सबसे आसान समाधान स्वयं उस युवती के हाथों में ही है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रेस का महत्त्व समझें

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश के सबसे पहले समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम है उदंत मार्तण्ड। और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में नहीं होता। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, नेतागिरी में हाईलाइट होना है तो पत्रकारों को बुलाओ, पुलिस नहीं सुन रही तो पत्रकारों को बुलाओ, प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे तो पत्रकारों को बुलाओ। कई समस्याओं के समाधान में मीडिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। *- पुलकित वर्मा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### चीन, जापान पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप


जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमश: तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसनेजापान में चीनी दूतावास के समक्ष 'बहुत गंभीर विरोध' दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।



## ऑफ बीट

### मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।



## ट्रेंड

### स्वामी शिवानंद को श्रद्धांजलि



योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### राजनीति का विषय नहीं



पानी से संबंधित एक-एक आंकड़ा और एक-एक प्वाइंट हमारे पास है। हमें उतना ही पानी चाहिए, जितना पहले हमें दिया गया है। पंजाब के परिवारजन भी इस बात को समझते हैं, यह राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि लोगों को पानी देने का विषय है।
**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली भाजपा परिवार के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को और सशक्त करेंगी तथा पार्टी के विचारों, मूल्यों और सेवा भाव को मजबूती से स्थापित करेंगी।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### बड़ी उपलब्धि का मोल



सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जैसे श्रेष्ठ लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है। बड़ी उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पाई हो।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# दोस्ती और शायरी के नाम रहा छतनारा का जश्ने अभय मुशायरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रविवार शाम, छतनारा समूह द्वारा जश्ने-अभय राष्ट्रीय मुशायरे का होटल पलाश में आयोजन किया गया। यह मुशायरा, दिवंगत शायर अभय शुक्ला के पहले ग़ज़ल संग्रह-लम्स-के विमोचन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मप्र उर्दू अकादमी और मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलना द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित भी थे। अभय शुक्ला भोपाल के ख्यात युवा शायर थे जिनका पिछले बरस सड़क दुर्घटना के कारण देहांत हो गया था। रविवार शाम होटल पलाश रेजीडेंसी में आयोजित मुशायरे में देश के ग्यारह प्रख्यात शायरों ने अभय की याद में अपना कलाम पढ़ा।

**इवेंट ऑफ द डे**

## अभय शुक्ला की पहली किताब लम्स हुई विमोचित



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में आमिर अजहर, संतोष खिरवड़कर, अमीर इमाम, नुसरत मेंहदी, अब्बास कमर, स्वपनिल तिवारी, आशू मिश्रा, बद्र वास्ती, निवेश साहू, शिवाजी, पल्लव मिश्रा ने अतिथि शायर के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में कवि निशान्त उपाध्याय ने सभी का स्वागत किया और अभय शुक्ला की शायरी और जीवन पर कुछ बातें करीं। अभय शुक्ला के माताजी पिताजी की उपस्थिति में अभय शुक्ला के पहले ग़ज़ल संग्रह- लम्स-का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अभय शुक्ला शायर स्कॉलरशिप की भी शुरुआत हुई।



### इनकी ग़ज़लों ने लूटी वाहवाही

पहले शायर के तौर पर आमिर अजहर की ग़ज़लों से वाहवाही का जो सिलसिला शुरू हुआ वो पल्लव, अब्बास कमर और संतोष से होता हुआ स्वप्निल तिवारी तक जा पहुँचा। मुंबई से आये शायर स्वप्निल तिवारी ने अपने अशआर पढ़ने से पहले अभय को याद किया। कार्यक्रम में शायर अमीर इमाम भी मौजूद थे। मुशायरे के आखिर में मप्र उर्दू अकादमी की निदेशिका नुसरत मेहदी ने अपने शेर पढ़े। कार्यक्रम के आखिर में छतनारा की निदेशिका मोहिनी शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

*लायंस इंटरनेशनल की 8वीं डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में*

# हरिओम जटिया को मिला संस्कृति रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

हाई वॉल्टेज साउंड और कलरफुर लाइट्स के बीच एक के बाद एक मंच पर मध्यप्रदेश के हैंडलूम से तैयार डिजाइनर ड्रेसेस प्रस्तुत करतीं मॉडल्स। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 की आठवीं डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में आयोजित भारतीय परिधान उत्सव में। सांची स्थित मग्धम रिसोर्ट में हुए इस उत्सव की थीम आई लव माय इंडिया रखी गई। इन ड्रेसेस को 16 मॉडल्स ने पहन कर रैंप वॉक की।

इन ड्रेसेस की डिजाइन राजधानी के फैशन डिजाइनर सपना सिंह परमार और अल्पा रावल ने तैयार की है। इस अवसर फेमिना मिस इंडिया और मिस ग्लोब डिंपल पटेल बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट, लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन और एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरि ओम जटिया, लायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर पंकज मेहता, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर मनीष शाह मुख्य रूप से उपस्थित हुए।





## भारतीय परिधान उत्सव में 16 मॉडल्स के परिधान में झलकी मध्यप्रदेश की विरासत

### दो राउंड में प्रस्तुत किए डिजाइनर कलेक्शन

लगभग दो घंटे चले परिधान उत्सव में कुल दो राउंड हुए, जिसमें मॉडल्स ने बाग, खादी और टाइ एंड डाई से तैयार डिजाइनर ड्रेसेस को प्रस्तुत किया। इसके अगले क्रम में मॉडल्स ने महेश्वरी, चंदेरी और बाग प्रिंट से तैयार ड्रेसेस को पहन वॉक किया। डिजाइनर्स ने विशेष रूप से इस उत्सव के लिए बाग प्रिंट पर जरी-जरदोजी वर्क के साथ एम्ब्रॉयडरी कर साड़ी तैयार की। करीब तीन सौ साल पुरानी डिजाइन्स को युवाओं की पसंद के हिसाब से तैयार किया गया।

## किन्नर समाज पर विमर्श आज

**भोपाल।** किन्नर समाज का इतिहास बहुत पुराना और विविध है। किन्नर शब्द का उपयोग प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मिलता है। भारत में किन्नर समुदाय का इतिहास वेदों और पुराणों में भी मिलता है। प्राचीन काल में किन्नरों को समाज में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त था और वे अक्सर राजदरबारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। इसी उद्देश्य को लेकर आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन सोमवार 5 मई को सेतु किन्नर प्रतिनिधि एवं साहित्यकारों के मध्य एक विमर्श का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय में करने जा रहा है।

## देवी भागवत कथा का नमः परायण



**भोपाल।** अरेरा कालोनी के ई-6 स्थित जनता कॉलोनी के महर्षि दयानंद हायर सेकंडरी स्कूल में चल रही देवी भागवत कथा का रविवार को पूर्णाहुति यज्ञ के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन आचार्य शशांक महाराज ने माता शताक्षी की कथा सुनाई। इसमें मां आदिशक्ति की लीलाओं से पूरित इस कथा का अंतिम श्लोक के साथ नमः परायण किया।

*राज्य संग्रहालय में व्याख्यानमाला एवं चित्रकला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन*

# पद्मश्री डॉ. वाकणकर के योगदान का स्मरण कर उनके कृतित्व पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने न सिर्फ पुरातत्व और चित्रकला के क्षेत्र में ख्याति अर्जित की बल्कि सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली शासन काल की विशेषताओं को सामने लाने का कार्य भी किया। यह बात विक्रमादित्य शोध पीठ, उज्जैन के पूर्व निदेशक, पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित ने स्टेट म्यूजियम में प्रो. वाकणकर की जयंती पर आयोजित की गई व्याख्यानमाला के अवसर पर कही। कार्यक्रम में चित्रकला स्पर्धा के प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रो. राजपुरोहित ने कहा कि डॉ. वाकणकर ने पं. सूर्यनारायण व्यास, प्रो. सुमन और अन्य विद्वानों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से जनसामान्य को अवगत करवाने की परम्परा का निर्वहन किया। इस क्रम में उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य मंचन की शुरुआत और बाद में अनेक प्रदर्शनों की उपलब्धि भी मुख्यमंत्री द्वारा किया उम्दा प्रयास है।





## प्रत्येक पीढ़ी अतीत के अध्ययन से वर्तमान की समस्याओं का समाधान प्राप्त करती है

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के आठवें टाइगर रिजर्व का नामकरण डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर कर उन्हें यथोचित सम्मान दिया है। व्याख्यान-माला में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व अध्ययन शाला के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. सीताराम दुबे ने कहा कि प्रत्येक पीढ़ी अतीत के अध्ययन से वर्तमान की समस्याओं का समाधान प्राप्त करती है। प्रो. दुबे ने अपने उद्बोधन में ब्रिटिश काल से लेकर अब तक इतिहास लेखन की प्रवृत्तियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुरातत्व संचालनालय की ओर से अतिथियों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



## विश्व हास्य दिवस पर निकाली हास्य रैली





**भोपाल।** विश्व हास्य दिवस पर शक्ति नगर में हास्य रैली का आयोजन किया गया। सुबह करीब 7 बजे से यह रैली क्षेत्र के अनेक इलाकों से निकली और लोगों को यह संदेश दिया कि तनावमुक्त होकर हंसते-हंसते ही जीवन जीना चाहिए। इस रैली में राजधानी के अनेक हास्य क्लब के लोग शामिल हुए।

# पीड़ित मानवता की सेवा में रोटरी इंटरनेशनल एक अग्रणी संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

## मंडलाध्यक्ष अनीस मलिक का किया गया स्वागत



रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के निरीक्षण की आधिकारिक यात्रा पर मंडलाध्यक्ष अनीस मालिक का स्वागत एमपी नगर के एक निजी होटल में लिया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोज झा ने वर्ष भर की सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी और बताया कि रक्तदान शिविर, पोलियो शिविर, स्कूल में गरीब छात्र को आर्थिक सहायता, विभिन्न स्थानों पर 200 से अधिक पौधरोपण एवं निदान संस्था को चिकित्सा उपकरण प्रदान किए हैं। मंडलाध्यक्ष अनीस मलिक ने क्लब की स्वर्ण जयंती वर्ष पर शुभकामनाएं देते हुए सेवा प्रकल्पों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों के लिए अर्शी कुरैशी, सुनील अवसरकर एवं मयंक जैन को सम्मानित किया गया। पलाश सुरजन और जीके छिब्बर को क्लब के सेवा प्रकल्पों में योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी 3040 के पूर्व मंडलाध्यक्ष कर्नल महेंद्र मिश्र, जिनेन्द्र जैन एवं निर्वाचित मंडलाध्यक्ष मुकेश साहू, सहायक मंडलाध्यक्ष कर्नल एमसी वर्मा भी उपस्थित थे।

**भोपाल**

*लिवर हेल्थकेयर और आयुर्वेद पर कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने साक्ष्य की जानकारी दी*

# आयुर्वेद कार्यशाला में बताए लिवर को स्वस्थ रखने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

लिवर मानव शरीर में सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो विषहरण, चयापचय और पाचन में केंद्रीय भूमिका निभाता है। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार सबसे महत्वपूर्ण है। अधिक मात्रा में फल और सब्जियां, साबुत अनाज का सेवन करने के साथ नियमित व्यायाम करें। यह जानकारी वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार जैन ने वीमेन ऑफ विजडम द्वारा आयोजित लीवर पर आयोजित कार्यशाला में दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ बबीता शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में भोपाल के लगभग 80 आयुर्वेद डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लिवर रोगों के आयुर्वेद उपचार पर एक टॉक शो भी आयोजित किया गया। जिसमें शहर की वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रश्मि झा, खुशीलाल हॉस्पिटल की पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ कामिनी सोनी, डॉ अभिषेक मिश्रा ने अपने अनुभव साझा कर लिवर रोगों से संबंधित केस रिपोर्ट्स प्रस्तुत की। डॉ बबीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागी डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक हास्य योग आसान भी किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद के विकास और प्रचार के लिए के लिए डॉ बिंदु राज, डॉ प्रणिता वाणी और डॉ नीरज बांगड़ को वैद्यरत्नम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।






# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कैंसर पीड़ित को एयर एम्बुलेंस से तत्काल भेजा नागपुर

*प्रदेशवासियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल पर पीएमश्री एयर एबुलेंस सेवा के तहत टप्पा मानोरा, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा के लंग कैंसर पीड़ित सुरेंद्र लोधी (45) को उपचार के लिए भोपाल से नागपुर एयर एम्बुलेंस से भेजा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से लोधी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रदेशवासियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

चुनाव आयोग ने उठाया बड़ा कदम

# अब ईसीआई एप पर होंगी चुनाव से जुड़ी सभी सुविधाएं

## मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए किया अहम बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ऑफ इंडिया अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव कर रहा है। आयोग जल्द ही ईसीआईनेट नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।



**40 से ज्यादा मौजूदा एप्स को खत्म**



- इसकी कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने थी
- यह भी स्पष्ट किया स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी

### मोबाइल या डेस्कटॉप पर मिलेगी पूरी जानकारी

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। नेट के जरिए उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल या डेस्कटॉप से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। खास बात यह है कि इस एप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहेगी। हालांकि,विवाद की स्थिति में स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी।

**ये एप्स होंगे शामिल**

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप ,वोटरटर्नआउट एप, सी विजिल, सुविधा 2.0,ईएसएमएस, सैकशाम और केवाईसी एप जैसे पॉपुलर एप्स को भी ईसीआई नेट में मर्ज कर देगा। इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को होगा इससे फायदा

इस नेट से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। इसका डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं। इसे 36 राज्यों के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ की सलाह-मशविरे के बाद विकसित किया जा रहा है। आयोग ने इसके लिए 9,000 पेजों वाले 76 से ज्यादा दस्तावेजों, नियमों और गाइडलाइंस की समीक्षा की है।

### यह पूरी तरह से कानूनी दायरे में होगा

ईसीआई नेट एप के जरिए दी जाने वाली सभी सेवाएं और डेटा चुनाव आयोग द्वारा तय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचन नियम 1960, और चुनाव प्रक्रिया नियम 1961 के अंतर्गत ही संचालित होंगे।

---

## खबर संक्षेप

### विधायक पटेल 40 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी ने रिश्वत मामले में ट्रैप किया है। यह कार्रवाई 1ब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी।

### कार पेड़ से टकराई 4 की असमय मौत




**प्रयागराज।** यहां के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### हिमाचल में टैक्सी में रखना होगा कूड़ादान




**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में सभी व्यावसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर 10,000 रतक का जुर्माना लगाया जाएगा। नियम के सख्ती से पालन करने को कहा है।

### चंबा में बादल फटा, घरों में घुसा पानी, 1 की मौत



**शिमला।** प्रदेश के जिला चंबा के भटियात में बादल फटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके कारण भूस्खलन हुआ है जबकि शिमला और ऊपरी शिमला में भारी ओलावृष्टि के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ है। शिमला में दोपहर बाद पौने घंटे तक बहुत भारी वर्षा हुई और लगा कि बादल फट गया।

---

ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में बोले राहुल

# कांग्रेस की सारी गलतियों की जिम्मेदारी स्वीकार की, सिख दंगों को भी बताया गलत

## कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में कई गलतियां की गईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान अपनी पार्टी द्वारा की गई ऐतिहासिक गलतियों को स्वीकार लिया है। उन्होंने उस भीषण दंगे को लेकर यह तक कहा कि वे अपनी पार्टी की हर एक जिम्मेदारी लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस नेता राहुल ने ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान लोगों के सवाल के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने सिख दंगों को लेकर कहा कि वे उन घटनाओं के दौरान मौजूद नहीं थे, लेकिन वे कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। छात्र ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पर दावा किया कि कांग्रेस ने इसे अलगाववादी घोषणापत्र के रूप में गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने सिख समुदाय के साथ सामंजस्य स्थापित करने में पार्टी की विफलता की आलोचना की और सजा पाए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दंड से मुक्ति का सबूत बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई और सज्जन कुमार बैठे हैं।



प्रश्नोत्तर सत्र में सवालों के जवाब दिए

### हम कांग्रेस की हर जिम्मेदारी लेने को तैयार

छात्र के सवाल का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं। भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से बहुत सी गलतियां तब हुईं जब मैं वहां नहीं था, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलत चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं।

### दंगों में 3,000 सिखों की हत्या की गई थी

इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान एक सिख छात्र ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में कांग्रेस की भूमिका को लेकर गांधी से सवाल किया था, जिसके कारण 3,000 से अधिक सिखों की हत्या कर दी गई थी। इनमें से अधिकतर की हत्या दिल्ली में हुई थी, तथा कई कांग्रेस नेताओं पर इसमें मिलीभगत के आरोप भी लगे थे। छात्र ने भाजपा सरकार में धार्मिक स्वतंत्रता पर गांधी की पिछली टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप सिखों के बीच यह डर पैदा कर रहे हैं कि भाजपा कैसी दिखेगी? हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं, जिसकी कांग्रेस पार्टी के शासन में अतीत में अनुमति नहीं दी गई।

**राहुल पर भड़के शंकराचार्य**

### कांग्रेस नेता को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करेंगे

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राहुल गांधी को लेकर कहा है कि राहुल अब हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है।



बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में स्वामी ने कहा कि राहुल ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। शंकराचार्य ने कहा कि राहुल संसद में कहते हैं बलात्कारी को बचाने का फॉर्मूला संविधान में नहीं आपकी किताब यानी कि मनुस्मृति में लिखा है।

**जाति गणना पर बोले तिवारी**

### राहुल गांधी को अपनी जाति बतानी पड़ेगी

जाति गणना को लेकर देश में चारों तरफ हो रहे शोर के बीच भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है।



तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन धर्म से, हिंदू धर्म से बहुत जलन है। जाति गणना अभी शुरू होगी तो राहुल को बताना पड़ेगा कि वे किस जाति से हैं? तब यह सारा मामला खुल जाएगा। मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का ऐलान किया था। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लगातार जाति गणना कराए जाने की मांग को उठाते रहे हैं।

### कांग्रेस राष्ट्र द्रोही और रामद्रोही पार्टीः पूनावाला

राहुल गांधी के एक वीडियो को लेकर भाजपा का कहना है कि राहुल ने भगवान राम को पौराणिक बताया। उनके एक वीडियो को ट्वीट कर भाजपा के प्रवक्ता



शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्र द्रोही है और अब रामद्रोही भी हो चुकी है। पूनावाला ने कहा है कि राहुल ऐसा मानते हैं कि भगवान राम काल्पनिक थे। पूनावाला ने कहा कि यह उसी एफिडेविट की भाषा है जो सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार के वक्त रामसेतु को तोड़ने के लिए दर्ज करवाई थी। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने भगवा आतंक की परिभाषा गढ़ी थी। पूनावाला ने कहा कि राहुल और सोनिया राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर नहीं गए। कांग्रेस राम विरोधी और हिंदू विरोधी है।

---

सभी सीटों पर लड़ेगा इंडी एलायंसः झा

# महागठबंधन में दरार नहीं राहुल-तेजस्वी साथ लड़ेंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन की हुई बैठक ने साफ कर दिया कि पार्टी में कोई खटपट नहीं है। रविवार को महागठबंधन के प्रमुख नेताओं की अहम बैठक हुई। अब साफ हो गया कि महागठबंधन एक साथ मिलकर बिहार चुनाव में लड़ेगी। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य बेहतर समन्वय के साथ महागठबंधन के एजेंडे को आगे बढ़ाना था। पूरा का पूरा महागठबंधन 243 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। झा ने कहा कि 20 मई को मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल में पुरे महागठबंधन का पूरा समर्थन मिलेगा, तेजस्वी प्रसाद यादव के चेहरे पर कोई विवाद नहीं है, शिद्दत से घोषणा के लिए इंतजार करना होगा समय पर घोषणा भी हो जाएगी। जातीय जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि जातीय गणना मुद्दा पहले भी था और अभी भी है, जाति जगणना जब तक होगी नहीं तब तक इस विषय पर पूरी नजर है।

### 58 साल सत्ता में रहकर कांग्रेस ने क्या किया? जेडीयू



एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जाति गणना का मुद्दा अब हमारे पक्ष में है। विपक्ष इसकी मांग कर रहा है लेकिन लोग उस व्यक्ति को याद रखेंगे जिसने इसे किया। जब आप 58 साल तक सत्ता में थे, तब आप क्या कर रहे थे? इसे करने के लिए नरेंद्र मोदी की जरूरत थी। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि 15 साल तक आरजेडी सत्ता में रही। उसने जाति जनगणना नहीं की। नीतीश कुमार ने यह काम किया। जब आरजेडी केंद्र में कांग्रेस के साथ थी, तब उसने 2011 की जाति जनगणना (एसईसीसी) के आंकड़े जारी करने के लिए सरकार पर दबाव नहीं बनाया।

### तेजस्वी को जातीय गणना पर आस

बिहार में इस वर्ष के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पिछले लंबे वक्त से आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भाजपा एनडीए पर हमला बोल रहे थे। तेजस्वी अपने अन्य नेताओं के साथ 65 प्रतिशत तक आरक्षण बढ़ाने की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे। विपक्षी दल लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे।

---

1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में बोले गृहमंत्री शाह

# देश में किसी भाषा का विरोध नहीं पर संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी सबल होंगी

## संस्कृत भारती ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है। सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। ये बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही।शाह ने



कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### संस्कृत के अमृत ज्ञान को दुनिया में पहुंचाएं

शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए 500 करोड़ का बजट तय किया गया है। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया, जो मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### शिवानंद बाबा नहीं रहे, पीएम दुखी

**नई दिल्ली।** योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा का शनिवार रात निधन हो गया। 129 वर्ष के योग गुरु पद्मश्री शिवानंद ने बीएचयू में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। समाज सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री दिया गया था।



- योग से समाज की सेवा की

---

पाकिस्तान के खिलाफ 9 की बैठक में अय्यर संभाल सकते हैं मोर्चा

# आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक डॉ. सुब्रमण्यन का कार्यकाल पूरा होने के 6 माह पहले ही केंद्र ने बुलाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक डॉ. कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन को उनके तीन साल के कार्यकाल के छह महीने पहले ही वापस बुला लिया। यह निर्णय 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा लिया गया। जिसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। इस अप्रत्याशित



फैसले के पीछे की वजह का कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। मगर, माना जा रहा है कि सुब्रमण्यन ने आईएमएफ के डेटासेट और कार्यप्रणाली की सटीकता, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए।

### वेटिंग प्रणाली पर उठाए थे सवाल

गत फरवरी में उन्होंने दो वरिष्ठ सलाहकारों के साथ आईएमएफ की वेटेड रेटिंग प्रणाली को 'तिरछा' और 'भ्रामक' बताया, जिसमें पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। उनकी यह आलोचना आईएमएफ के नेतृत्व को पसंद नहीं आई, जिससे संगठन के भीतर तनाव पैदा हुआ। बीते अप्रैल में, उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'आईएमएफ कर्मचारियों की त्रुटि सीमा बहुत बड़ी है,' जिससे उनकी असंतुष्टि और स्पष्ट हुई। इस तरह की खुली आलोचना ने भारत और आईएमएफ के बीच संबंधों में तनाव पैदा किया होगा, जिसके कारण सरकार ने उन्हें वापस बुलाने का फैसला लिया। पहले तमाम अर्थशास्त्रियों को कार्यकाल पूरा करने का मौका मिल, सेवा विस्तार भी मिलता रहा है।

---

अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

# मुझे बेइज्जती पसंद नहीं,महिला की बात पर भड़ककर भूपेंद्र मंच ही छोड़कर चले गए

## महिला सुना रही थी अपनी समस्याए

एजेंसी ▶▶ अलवर

राजस्थान के अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अचानक नाराज हो गए। उन्हें जनता के बीच महिला का टोकना पसंद नहीं आया और वे मंच छोड़कर ही चले गए। ग्रामीण महिला अपने पानी की समस्या केंद्रीय मंत्री को सुना रही थी, लेकिन यादव को यह नागवार गुजरा। यादव सांसद संपर्क संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे। तभी ग्रामीण महिला ने



पानी की समस्या को लेकर मंत्री को टोका। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा में धैर्य रखने वाला आदमी हूं,मुझे बेइज्जती पसंद नहीं है। इस बीच सैकड़ों ग्रामीण अचंभे में पड़ गए और संवाद कार्यक्रम में कोई जन सुनवाई ही नही हो पाई।

### तो कांग्रे ने क्यों नहीं कराई थी जाति गणना?

इससे पहले जाति जनगणना के बहाने कांग्रेस पर बरसते हुए यादव ने कहा कि जातीय गणना मोदी जी के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इसका तात्पर्य है समाज में जो एक अलग अलग तरह की सामाजिक संरचना है। इसमें जेंडर भी है एजुकेशन भी है, बाकी सामाजिक मानक भी है और ये सामाजिक मानक सामाजिक इस्तिति के आधार पर सरकार पॉलिसी बनाने में माहिर है। मैं ये कहना चाहता हूं जो काम कांग्रेस ने किया ही नहीं उसका श्रेय वह क्यों मांग रही है। मुझे इसी बात का आश्चर्य है।

---

राज्यपाल ने गृह मंत्रालय को सौंपी मुर्शिदाबाद की रिपोर्ट

# पश्चिम बंगाल के लिए चुनौती बन रहा 'कट्टरपंथ'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई है, जिसमें राज्य में बढ़ते कट्टरपंथ और उग्रवाद को गंभीर चुनौती बताया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि बांग्लादेश से सटे जिलों मुर्शिदाबाद और मालदा में स्थिति चिंताजनक है। इन जिलों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक हैं, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित हुआ है। बोस ने यह भी लिखा कि हिंसा 'पूर्व-नियोजित' थी और राज्य सरकार को पहले से इसके खतरे का अनुमान था, बावजूद इसके सुरक्षा इंतजाम नाकाफी रहे।

- खतरे का अनुमान फिर भी सुरक्षा इंतजाम नाकाफी



### राज्यपाल ने कई सुझाव भी दिए

बोस ने कई सख्त सुझाव दिए हैं, जिनमें केंद्रीय बलों की तैनाती, जांच आयोग की स्थापना और जरूरत पड़ने पर संविधान के अनुच्छेद 356 के विकल्प पर विचार करना शामिल है। अनुच्छेद 356 का मतलब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना होता है। हालांकि, राज्यपाल ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अनुच्छेद 356 लागू करने की सिफारिश नहीं की है, बल्कि केवल इसके विकल्प खुले रखने की बात कही है।

### संवैधानिक विकल्पों पर दिया जोर

बोस ने यह भी कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए और मुर्शिदाबाद हिंसा के राज्य के अन्य जिलों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मैं सुझाव देना चाहूंगा कि भारत सरकार न केवल मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए बल्कि कानून के शासन में लोगों का विश्वास जगाने के लिए संवैधानिक विकल्पों पर विचार करे।

### राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित हो

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से बार-बार अल्पसंख्यक हितों की सुरक्षा का वादा भी हालात को नियंत्रित नहीं कर सका। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रशासनिक समन्वय की भारी कमी रही और पुलिस की प्रतिक्रिया कमजोर रही। राज्यपाल ने केंद्र से आग्रह किया है कि वह संवैधानिक उपायों पर विचार करे ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल हो और जनता को शासन में भरोसा हो। बोस ने लिखा, विभाजन इतना गहरा है कि हिंसा के बढ़ने के बावजूद, मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार यह 'वचन' दिया जाना कि वे अल्पसंख्यक हितों की रक्षा करेंगी।

## सिंगापुर आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीएपी को मिली बड़ी जीत

# 97 में से 87 सीटों पर जीते, वोंग फिर बनेंगे पीएम, 50 साल से सत्ता पर काबिज पार्टी, पीएम मोदी ने दी बधाई

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने एक बार फिर बड़ी जीत हासिल की है। पीएम लॉरेंस वोंग की पार्टी ने 97 में से 87 सीटें जीत ली हैं। यह लगातार 14वां मौका है जब पीएपी को चुनाव में बहुमत मिला है। अब यह साफ हो गया है कि लॉरेंस वोंग दोबारा सिंगापुर के पीएम बनेंगे। चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच था। इनके अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में थे।

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। लॉरेंस वोंग पिछले साल मई 2024 में पूर्व पीएम ली ह्सियन लूंग के पद छोड़ने के बाद पीएम बने थे। अब उन्हें फिर से जनता का समर्थन मिल गया है। जीत के बाद पीएम वोंग ने कहा कि हम मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं।

### खास बातें

- सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में
- वोंग ने जनता से नया जनादेश मांगा जिसमें भारी समर्थन मिला



### दो हिस्सों में बंटी हुई है संसदीय सीटें

दरअसल, सिंगापुर की संसदीय सीटें सिंगल मेंबर कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के दो हिस्सों में बंटी हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी होता है। ऐसी ही एक सीट पीएपी निर्विरोध जीत चुकी थी।

### आजादी के बाद से सत्ता में पीएपी

*सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में है। पार्टी को 2020 के चुनाव में 83 सीटें मिली थीं। उस समय उसे 61.24% वोट मिले थे, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 69.86% था। विपक्ष की वर्कर्स पार्टी ने 2015 में 6 सीटें और 2020 में 10 सीटें जीती थीं। 1948 में पहले आम चुनाव के बाद से यह सिंगापुर का 19वां और 1965 में स्वतंत्रता के बाद से 14वां चुनाव था। पीएम वोंग ने पिछले मई में ली सीन लूंग के करीब 20 साल बाद पद छोड़ने पर नए पीएम के रूप में शपथ ली थी। इस बार के चुनाव में वोंग और उनकी पार्टी ने अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापारिक टैक्स और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जनता से नया जनादेश मांगा था- जिसमें उन्हें भारी समर्थन मिला।*

### ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित पीएम अल्बनीज

## जनता ने विभाजन के बजाए एकता को चुना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के फिर से पीएम चुने गए एंथनी अल्बनीज ने रविवार को सिडनी के एक कैफे में लोगों से बधाई प्राप्त करने के बाद कहा कि देश के लोगों ने विभाजन के बजाय एकता को चुना है। शनिवार को हुए चुनाव में अल्बनीज की लेबर पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की। अल्बनीज ने सिडनी के लीचार्ट स्थित एक व्यस्त कैफे में संवाददाताओं से कहा कि ऑस्ट्रेलियाई जनता ने विभाजन के बजाय एकता को चुना। उन्होंने कहा कि हम अपने दूसरे कार्यकाल में भी पहले कार्यकाल की तरह अनुशासित एवं व्यवस्थित तरीके से सरकार चलाएंगे। उन्होंने और उनकी मंगेतर जोडी हेडन ने अपने सहयोगियों और समर्थकों के साथ कैफे में कॉफी का आनंद लिया।



## सिंगापुर के साथ रिश्ते बहुआयामी



पीएम नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर वोंग को जीत की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि चुनाव में शानदार जीत पर हार्दिक बधाई लॉरेंस वोंग। भारत और सिंगापुर के रिश्ते मजबूत और बहुआयामी हैं। मैं आपके साथ मिलकर इन संबंधों को और गहरा करने के लिए काम करने को उत्साहित हूं।

### खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश में 8 गिरफ्तार



**लंदन।** ब्रिटेन के आतंकवाद-रोधी अधिकारियों ने लंदन में हमले की कथित साजिश रचने के आरोप में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से सात ईरानी नागरिक हैं। महानगर पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार को इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों से 29 से 46 वर्ष की आयु के पांच लोगों को 'आतंकवादी कृत्य' की तैयारी के संदेह में हिरासत में लिया गया। उसने बताया कि पांच गिरफ्तार संदिग्धों में चार ईरानी नागरिक हैं जबकि पांचवें की राष्ट्रीयता की पुष्टि अभी की जा रही है।

### ह्यूस्टन में गोलाबारी में एक की मौत, कई घायल



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में शनिवार देर रात एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 14 लोग घायल हो गए। सहायक पुलिस प्रमुख पैट्रिशिया कांटू ने बताया कि स्थानीय समय अनुसार रात करीब 12 बजकर 50 मिनट पर साउथईस्ट ह्यूस्टन के चेरी हिल इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसमें एक अनजान व्यक्ति बिना बुलाए पहुंच गया था। जब उसे वहां से जाने को कहा गया, तो उसने गोली चलाना शुरू कर दिया।

### विवाह कार्यक्रम में गिरी दीवार, 22 लोग घायल



**राजोरी।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के ढन्नीधार कप्पा खा क्षेत्र में रविवार को एक विवाह कार्यक्रम के दौरान घर दीवार गिर गई। इससे मलबे के नीचे आने से करीब 22 लोग घायल हो गए। शाम को डोली वापस घर पहुंची थी। उससे पहले करीब छह बजे के बीच मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसके बाद घर की दीवार गिर गई। दीवार के ऊपर पाइपें रखी थीं और पाइपों के साथ टेंट बांधे गए थे। दीवार का मलबा और पाइपें मौजूद लोगों पर गिरा। महिलाओं और बच्चों समेत 22 लोग घायल हो गए।

### मिसाइल अटैक के बाद लिया फैसला

## तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट अबू धाबी की ओर डायवर्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी डायवर्ट किया गया है। यह फैसला तेलअवीव बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक के बाद लिया गया। यमन के हूती विद्रोहियों ने बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक किया।

मिसाइल अटैक के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें एयर इंडिया की फ्लाइट एआई39 भी शामिल है। एयर इंडिया की ओर से इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि 3 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई139 को रविवार सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

### 6 मई तक फ्लाइट्स सस्पेंड

बयान में तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। बयान में कहा गया-हम अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेंगी। ग्राउंड पर हमारा स्टाफ ग्राहकों की सहायता कर रहा है और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में मदद कर रहा है। एयरलाइन ने कहा कि 4 से 6 मई 2025 के बीच वैध टिकट के साथ हमारी फ्लाइट बुक करने वाले कस्टमरों को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट या कैंसिलेशन पर फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### यमन से दागी मिसाइल से 4 घायल

बेन गुरियन एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल के पास यमन से दागी गई मिसाइल के गिरने से चार लोग घायल हो गए। मिसाइल हमले ने एयरपोर्ट पर परिचालन को कुछ समय के लिए रोक दिया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि परिचालन फिर से शुरू हो गया है। हूती सैन्य प्रवक याह्या सारी ने कहा कि बेन गुरियन एयरपोर्ट एयर ट्रैवल के लिए अब अब सुरक्षित नहीं है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने जोरदार जवाब देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी हमें मारेगा, हम उन्हें सात गुना अधिक ताकत से मारेंगे।

### एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पास नहीं बचा गोला-बारूद

# युद्ध हुआ तो सिर्फ 4 दिन में घुटनों पर होगा पाक, ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगी सेना

इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के चौरतफा दबाव से घिरे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, उनके मंत्री और सैन्य अधिकारी भले ही युद्ध की धमकी दे रहे हों लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। दरअसल, पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है।

इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है वो अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वो असफल रही है।

### 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की आपूर्ति से भंडार खत्म



### पीओएफ द्वारा गोला-बारूद निर्माण की सीमित क्षमता



### डिपो में गोला-बारूद नहीं

बढ़ते खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने भारत सीमा के पास नए गोला-बारूद डिपो बनाना शुरू किया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब भरने के लिए गोला-बारूद ही नहीं है, तो इन डिपो का कोई रणनीतिक फायदा नहीं होगा। एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि पाकिस्तान ने अपने गोले दूसरे देशों के युद्ध में भेज दिए और खुद खाली हाथ रह गया। यह एक आर्थिक लाभ के लिए उठाया गया कदम था, जिसने दीर्घकालिक रणनीतिक नुकसान पहुंचाया है।

### सैटेलाइट इमेज से हुई ना'पाक' करतूत बेनकाब

*पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षण शिविर की तस्वीर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पीओके में मौजूद लश्कर के इस शिविर की सैटेलाइट इमेज मिली है।इस शिविर का नाम 'जंगल मंगल शिविर' है और यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मनसेहरा जिले के अतर सीसा कस्बे में स्थित है।*



### पीओके में दिखा लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण

लश्कर के प्रशिक्षण शिविर के पास मिलिट्री एस्टेब्लिशमेंट बिल्डिंग और एक मस्जिद भी मौजूद है। प्रशिक्षण शिविर में एक लिविंग एरिया, गेस्ट मीटिंग हॉल है। हथियारों की प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा ग्राउंड एरिया भी मौजूद है। शिविर में विदेशी आतंकियों को प्रशिक्षित करने की अलग से व्यवस्था है। पीओके में मौजूद इस जंगल मंगल आतंकी प्रशिक्षण शिविर के फगला बीआर लोकेशन पर आतंकियों और आईएसआई के बड़े कमांडरों की बैठकें होती हैं।

### सेना के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में उठा मुद्दा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2 मई को हुई कोर कमांडर्स की विशेष बैठक में इस गंभीर स्थिति पर चर्चा हुई। सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं और कई हद तक असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है।

### पीयूष गोयल ने सस्टेनेबिलिटी पहल को सराहा

## भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही है बातचीत

एजेंस ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लंदन दौरे पर भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से मुलाकातें कर रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी का दौरा किया और भारत के पर्यावरण और सतत विकास के प्रयासों की सराहना की। गोयल ने सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से मुलाकात की और सेंटर द्वारा भारत-यूके सहयोग और भारत के सस्टेनेबिलिटी पहल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा।

### भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



गोयल ने यूके में मौजूद भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनके सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान की सराहना की। उन्होंने लिखा कि ये संगठन भारत और यूके के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम से भी बातचीत की।

### यूके के साथ निवेश, व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमत

गोयल ने यूके के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की और भारत-यूके एफटीए को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस व्यापार समझौते के जरिए निवेश, व्यापार और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा बयान, कहा-

## यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए नहीं पड़ेगी परमाणु हथियारों की जरूरत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



अक्सर यूक्रेन पर परमाणु हमले की धमकी देने वाले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए रूस को परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पुतिन के इस बयान से सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, बल्कि अमेरिका समेत यूरोपीय देश भी राहत की सांस ले सकते हैं। जबकि इससे पहले पुतिन कई बार यूक्रेन पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दे चुके हैं। पुतिन ने रविवार को प्रसारित एक संदेश में कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है और उम्मीद करता हूं कि आगे भी ऐसी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

पुतिन ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त शक्ति और साधन हैं, जिससे 2022 में जो शुरू किया गया था, उसे रूस की अपेक्षाओं के अनुरूप तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके।

### मैक्सिको में अमेरिकी सेना तैनाती मामला

## ट्रंप के प्रस्ताव को राष्ट्रपति शिनबाम ने सिरे से नकारा



एजेंसी ▶▶ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैनात करने का प्रस्ताव दिया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इसे सिरे से नकार दिया है। शिनबाम ने कहा कि कॉल पर ट्रंप ने कहा था कि नशीले पदार्थों की तस्करी से लड़ने में सेना आकर आपकी मदद करेगी।

### संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है

*उन्होंने ट्रंप से कहा कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। शनिवार को शिनबाम के सख्त रुख ने संकेत दिया कि एकतरफा सैन्य हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी दबाव आव्रजन और व्यापार पर सहयोग के बाद उन्हें और ट्रंप को टकराव के रास्ते पर ले जाएगा। शिनबाम ने कहा कि हम साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन आप अपने क्षेत्र में और हम अपने क्षेत्र में। हम अपने क्षेत्र में अमेरिका की सेना की उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।*

### बांग्लादेश में भड़के कट्टरपंथी

## कहा- पश्चिमी कानून हमारे ऊपर मत थोपो, ये इस्लामिक आस्था के खिलाफ



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े 20 हजार लोगों ने रैली निकाली। इसमें सरकार से महिला सुधार आयोग को खत्म करने की मांग की गई। रैली में आए लोगों ने महिला सुधार आयोग को इस्लामी आस्था के खिलाफ बताया।

### आयोग के सदस्यों के लिए सजा की मांग की

हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े एक नेता मामुनुल हक ने महिला सुधार आयोग के सदस्यों के लिए सजा की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस आयोग ने देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। महिला मदरसा के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने रैली में कहा कि पुरुष और महिला कभी समान नहीं हो सकते। कुरान में महिलाओं और पुरुषों के लिए जीवन जीने के खास नियम बताए गए हैं।

### पाक की गीदड़भभकी के बीच 'दोस्त' रूस का मिला साथ, भारतीय सेना की बढ़ी ताकत

# केमलिन से भारत को मिली इग्ला-एस मिसाइल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरण पर है। इस बीच रूस ने भारतीय सेना को इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति प्रदान की है।

बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस-वीशोरेड्स) भारतीय सेना की वायु रक्षा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति केंद्र द्वारा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत किए गए अनुबंध के हिस्से के रूप में प्राप्त हुई है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ हफ्ते पहले भारतीय सेना को मिली हैं। इससे सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे का ख्याल रखने के लिए अग्रिम संरचनाओं को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 260 करोड़ रुपए के इस अनुबंध से अग्रिम क्षेत्रों, खासकर पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा सैनिकों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना ने वायु रक्षा मिसाइलों के लिए इसी तरह के अनुबंध का विकल्प चुना है, जो इंफ्रा रेड सेंसर आधारित वीशोरेड्स हैं।

### 6 किलोमीटर तक की है मारक क्षमता



इग्ला-एस मिसाइलें इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। सेना पहले से ही इस प्रणाली के पुराने वर्जन का इस्तेमाल कर रही थी। अब नए संस्करण से हवाई खतरों से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। इग्ला-एस इन्फ्रारेड (आईआर) सीकर पर आधारित है, यानी यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है, जिससे इसे रडार से पकड़ना कठिन होता है। इसकी रेंज करीब 6 किलोमीटर तक है, यानी यह कम ऊंचाई पर 6 किमी दूर तक किसी भी लक्ष्य को गिरा सकती है। यह मिसाइल लगभग 3.5 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को निशाना बना सकती है।

### चलाने में आसान और हल्का

*यह कंधे पर ले जाने योग्य सिस्टम है, जिसे कठिन इलाकों में आसानी से ले जाया जा सकता है और कुछ सेकंड में ऑपरेशन के लिए तैयार किया जा सकता है। इग्ला-एस में प्रॉक्सीमिटी फ्यूज भी होता है, जो टारगेट से सीधे न टकराने पर भी उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होता है। यह प्रणाली खासकर ड्रोन व यूएवी से निपटने में बेहद असरदार मानी जाती है, जो कि आधुनिक युद्ध की सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं।*

लाइफStyle



# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपके बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।



## हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

## टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया कियारा का अपमान

**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है।



एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि कियारा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत कियारा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि कियारा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।



# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ

*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी।*

*सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाईं शानदार फिल्में :*** मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जिया: द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हूं। मैं खुद से ये पूछता रहता हूं कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया

***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात :*** पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।



## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

*नई दिल्ली। अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराई थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल

साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।




### तान्हाजी और छपाक

2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।



### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान

साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।





## खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 बिहार

# मध्यप्रदेश के 229 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, टीमें रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का अयोजन 04 से 15 मई तक पटना (बिहार) में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश 18 खेलों में 176 खिलाड़ी और 53 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 229 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता बिहार में पटना, राजगीर, भागलपुर,नई दिल्ली, गया में आयोजित हो रही है।



### संचालक ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

मप्र जिन खेलों में प्रतिभागिता कर रहा है उनमें कुश्ती, जूडो, फेंसिंग, हॉकी, आर्चरी, शूटिंग, बास्केटबाल, सेपकटकरा, वेटलिफ्टिंग, मलखंब, कलरिपयाटटू, योगासन, गटका, स्वीमिंग, थांग-ता, जिम्नासिटक, बॉक्सिंग और एथेलेटिक्स। मल्लखम्ब, जूडो, शूटिंग, सेपकटकरा की टीम रवाना हो गई हैं। संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने रवाना होने से पूर्व मलखम्ब खिलाड़ियों से भेंट की, उन्होंने व्यवस्थाओं और कैम्प के बारे में जानकारी ली। संचालक खेल ने सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि मलखम्ब खिलाड़िया का कैम्प तात्याटोपे स्टेडियम में आयोजित किया गया था।



## 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति शूटिंग चैम्पियनशिप

# मप्र राज्य खेल अकादमी ने शूटिंग में जीते 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन राजधानी में 22 अप्रैल से 5 मई तक किया जा रहा है। राज्य शूटिंग अकादमी बिशनखेड़ी में आयोजित इस शूटिंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ी युगप्रताम सिंह राठौर ने 10 मी. एयर पिस्टल यूथ पुरूष वर्ग में स्वर्ण, चेतन सप्कल ने 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल डैफ पुरूष वर्ग में रजत, 10 मी. एयर पिस्टल डैफ पुरूष वर्ग में कांस्य पदक और साहिल चौधरी ने 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग कांस्य सहित कुल 4 पदक अर्जित किए।



### प्रतियोगिता के विस्तृत परिणाम

**25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल डैफ पुरूष वर्ग**

- हरियाणा के शुभम वशिष्ठ ने 568 अंक के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- मध्यप्रदेश के चेतन सप्कल ने 568 अंक के साथ रजत पदक लिया।
- उत्तराखंड के अभिनव देशवाल ने 563 अंक के साथ कांस्य पदक।

**25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग**

- आंध्रप्रदेश के मुकेश नेलावल्ली ने 556 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- हरियाणा के खिलाड़ी समीर ने 584 अंक के साथ रजत पदक प्राप्त किया
- मध्यप्रदेश के खिलाड़ी साहिल चौधरी ने 584 अंक के साथ कांस्य पदक लिया।

**10 मी. एयर पिस्टल यूथ पुरुष वर्ग**

- मध्यप्रदेश के युगप्रताप सिंह राठौर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- चण्डीगढ़ के धैर्य प्रशार ने रजत पदक।
- उत्तरप्रदेश के चिराग शर्मा ने कांस्य पदक।

**10 मी. एयर पिस्टल डैफ पुरुष वर्ग**

- उत्तराखंड के अभिनव देशवाल ने 573 अंक के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- हरियाणा के शुभम वशिष्ठ ने 570 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।
- मध्यप्रदेश के चेतन सप्कल ने 555 अंक के साथ कांस्य पदक।

# अरेरा ने मयंक अकादमी को हराकर जमाया खिताब पर कब्जा




चार साहिबज़ादे क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला

**भोपाल।** चार साहिबज़ादे क्रिकेट लीग के फाइनल में आज एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अरेरा अकादमी ने मयंक अकादमी को हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली पारी में, मयंक अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 151 रन बनाए। टीम के लिए तन्मय ने 46 रन और वेद ने 22 रन का योगदान दिया। गेंदबाज़ी में अरेरा अकादमी की ओर से इरनवीर ने 4 विकेट और विराज चतुर्वेदी ने 3 विकेट झटके। जवाबी पारी में, अरेरा अकादमी ने अंतिम ओवर में 9 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए विराज चतुर्वेदी ने 48 रन और इरनवीर ने 24 रन बनाए। विराज चतुर्वेदी को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' और 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से सम्मानित किया गया।

## वीसीपीएल कॉर्पोरेट टी20 टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल बना रोमांच और प्रदर्शन का संगम

# वेदांत सुपर किंग्स ने दिखाया जज़्बा, अलहमद को 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए वीसीपीएल टी 20 कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वेदांत सुपर किंग्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अलहमद को 20 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फील्डिंग तीनों विभागों में वेदांत टीम ने अनुशासित और आक्रामक रवैया दिखाया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। वेदांत सुपर किंग्स की शुरुआत धीमी रही लेकिन एक बार क्रीज़ पर सौरभ राजपूत और प्रशांत सिंह टिके तो मानो गेंदबाज़ों की धज्जियां उड़ गईं। इन दोनों की साझेदारी ने टीम को एक मज़बूत स्कोर तक पहुंचाया।

जेपी यादव ने भी अनुभव का लाभ उठाते हुए 36 रन बनाए, जबकि यश जांगिड़ और फैज़ल खान ने अंतिम ओवरों में उपयोगी रन जोड़ते हुए स्कोर 167 तक पहुंचाया। 167 रनों का बचाव करते हुए वेदांत सुपर किंग्स के गेंदबाज़ों ने अलहमद की टीम को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अलहमद की ओर से प्रशांत सिंह ने बल्ले से संघर्ष जरूर किया, लेकिन दूसरी छोर से सहयोग न मिलने के कारण टीम लक्ष्य से दूर रह गई। बेहतरीन बल्लेबाज़ी और विकेट के साथ सौरभ राजपूत को 'मैन ऑफ द मैच' से नवाज़ा गया।

## वीसीपीएल टी20 कॉर्पोरेट कप का धमाकेदार क्वार्टर फाइनल

# हमीदिया स्पोर्ट्स ने विशेष लैब्स को 6 विकेट से हराया



**भोपाल।** नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान में खेले गए वीसीपीएल टी20 कॉर्पोरेट कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हमीदिया स्पोर्ट्स ने विशेष लैब्स को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

एक रोमांचक मुकाबले में हमीदिया की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए 15.4 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विशेष लैब्स ने निर्धारित 17 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए। कप्तान अभिषेक ने 48 रन (34 गेंद, 9 चौके, 1 छक्का) की अहम पारी खेली। वहीं वैभव कुमार विश्वकर्मा ने तूफानी बल्लेबाज़ी करते हुए 36 गेंदों में 58 रन बनाए जिसमें 2 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। विशेष लैब्स की ओर से वैभव कुमार विश्वकर्मा ने 4 ओवर में 30 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

युवराज और अभिषेक वर्मा को भी एक-एक सफलता मिली। यासिर खान को उनकी शानदार बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरूल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** **प्रिया एंटरप्राइज,** 9425344557, **सियाराली:** **भयरे मोटर्स,** 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह**-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली :** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** **पटेल मोटर्स** 9755567226, **सतवास:** **शिवम मोटर्स** 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा :** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.

L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930